
JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक



आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | : 23 |
| न्यूनतम | : 10 |
| हवा में नमी | : 96 |

वर्ष : 66 ● अंक: 64 ● श्रीगंगानगर, गुरुवार, 23.01.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ :8

## सैफ को मारे गए चाकू का तीसरा हिस्सा मिला



जनमार्ग न्यूज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने के लिए इस्तेमाल किए गए चाकू का तीसरा हिस्सा बरामद किया है। आरोपी शरीफुल ने इसे बांद्रा झील के पास फेंक दिया था। इससे पहले चाकू का एक हिस्सा घटनास्थल से पाया गया था। वहीं, 2.5 इंच लंबे चाकू का दूसरा हिस्सा एक्टर के शरीर के अंदर से सर्जरी के दौरान निकाला गया था। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद सैफ अली खान ने अस्पताल ले जाने वाले ऑटो ड्राइवर भजन सिंह से मुलाकात की। सैफ और उनकी मां शर्मिला ने भी ड्राइवर को शुक्रिया कहा। इसके अलावा हमले के 6 दिन बाद बांद्रा पुलिस ने सैफ अली खान का बयान दर्ज किया। दरअसल, सैफ अली खान पर 15 जनवरी को उनके घर सतगुरु शरण अपार्टमेंट में घुसकर हमला किया गया। इसके बाद सैफ खुद अस्पताल पहुंचे थे। इलाज के बाद एक्टर को 21 जनवरी को डिस्चार्ज किया गया। हमले के बाद सैफ अब सतगुरु शरण अपार्टमेंट की जगह फॉर्च्यून हाइट्स स्थित अपने पुराने घर में रहने आ गए हैं।

# अलवर में गुरुग्राम के बिल्डर के ठिकानों पर आईटी रेड

● 4 शहरों में एक साथ पहुंची 23 टीम ● श्रीगंगानगर सहित अन्य जिलों की आयकर विभाग टीम शामिल



जनमार्ग न्यूज

**अलवर।** अलवर में चार दिन पहले त्रेहान होम डवलपर्स की जिस आलीशान सोसायटी में आग लगी थी, उस बिल्डर पर बुधवार को इनकम टैक्स की टीम ने गुरुवार को रेड डाली है। सुबह करीब 7 बजे अलवर, भिवाड़ी, फरीदाबाद सहित कई जगहों पर गुरुवार सुबह करीब 7 बजे से इनकम टैक्स की 23 टीमें अलग-अलग जगह पर पहुंची। आयकर विभाग की ये टीमें राजस्थान के जयपुर, श्रीगंगानगर, जोधपुर सहित अलग-अलग जगहों से हैं। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि इन ठिकानों से बड़ी मात्रा में जमीन, प्लॉट और फ्लैट से जुड़े डॉक्युमेंट मिले है। अलवर शहर में त्रेहान होम डवलपर के साथ काम करने वाले अलवर निवासी अशोक सैनी, कुलदीप कालरा और सीए सुमित के घर टीमों ने दबिश दी। अलवर शहर में टेल्को चौराहे से आगे तिजारा रोड पर त्रेहान ग्रुप की सबसे बड़ी अपना घर शालीमार आवासीय सोसायटी है। इसी इलाके में बड़ी संख्या में प्लाट भी काटे गए है। वहीं त्रेहान ग्रुप के अलवर ऑफिस पर भी बड़ी टीम है। सब जगहों से त्रेहान ग्रुप के कामकाज की फाइलों को ढूंढा गया है। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि ग्रुप के अलग-अलग ठिकानों पर जांच करने वाली करीब 23 से अधिक टीम हैं।

## जयपुर में डीटीओ पर एसीबी की छापेमारी



जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** जयपुर एसीबी की टीम ने आज सुबह डीटीओ (अतिरिक्त जिला परिवहन अधिकारी) द्वितीय संजय शर्मा के ठिकानों पर रेड की है। सुबह 7 बजे से संजय शर्मा के जयपुर, भरतपुर, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) स्थित 10 ठिकानों पर कार्रवाई चल रही है। संजय शर्मा वर्तमान में विद्याधर नगर में डीटीओ द्वितीय के पद पर हैं। संजय के रिश्तेदार और दोस्तों के यहां पर भी टीमें सर्च में जुटी हुई हैं। जयपुर में वैशाली नगर, श्याम नगर, पांच्यावाला और एक ज्वेलर्स शो रूम पर सर्च कर रही है। वहीं संजय के परिचित के यहां यूपी में भी कार्रवाई की गई है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार डीटीओ संजय शर्मा ने अवैध पैसे से गोल्ड खरीदा है। यह गोल्ड संजय शर्मा के ने एसकेजे ज्वेलर्स से खरीदा। इसलिए एसीबी की एक टीम एसकेजे ज्वेलर्स के वैशाली नगर स्थित शोरूम में भी पहुंची। एसकेजे ज्वेलर्स से गोल्ड को बेचने के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## अमेरिका से अवैध प्रवासी भारतीयों की वापसी को तैयार : जयशंकर

❑ 18 हजार भारतीयों को निकाला जाएगा



जनमार्ग न्यूज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी दौरे पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हम अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों नागरिकों की वापसी के लिए तैयार है। विदेश मंत्री ने इस मुद्दे पर भारत के रुख को स्थिर और सैद्धांतिक बताया। जयशंकर ने इसे लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात की है। जयशंकर ने वॉशिंगटन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये जानकारी दी। कॉन्फ्रेंस के दौरान जयशंकर ने कहा कि हमारा मानना है कि अगर हमारे नागरिक यहां अवैध रूप से रह रहे हैं और ये तय हो जाता है कि वे हमारे नागरिक हैं, तो उनकी वापसी के लिए हम हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत अवैध प्रवासन का कड़ा विरोध करता है, यह देशों की छवि के लिए अच्छा नहीं है क्योंकि इससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। जयशंकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक पत्र भी ट्रम्प को सौंपा। अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 18 हजार भारतीयों की देश वापसी होगी। अमेरिकी वेबसाइट ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक इनके पास अमेरिका की नागरिकता नहीं है, वहां की नागरिकता हासिल करने के लिए सही कागज दस्तावेज भी नहीं हैं। अमेरिका में पिछले महीने अवैध प्रवासियों से डील करने वाली सरकारी संस्था (आईसीई) ने करीब 15 लाख लोगों की एक सूची बनाई थी, जो अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं। 18 हजार भारतीय इसी सूची का हिस्सा हैं। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक 2023 में 3,86,000 लोगों को एच-1बी वीजा दिया गया था, जिनमें से लगभग तीन-चौथाई भारतीय नागरिक हैं।

## महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की कार पलटी, 6 घायल

जनमार्ग न्यूज



**बारां।** जिले में आज सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। महाकुंभ मेले में जा रहे श्रद्धालुओं की कार अंता के पास फोरलेन हाइवे 27 पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 6 लोग बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को कार से बाहर निकाला और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से सभी को कोटा रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह करीब 7 बजे अंता के निकट हाइवे पर हुआ। जब गुजरात निवासी युवक कार में सवार होकर प्रयागराज कुंभ में जा रहे थे। तभी अचानक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 6 लोग गंभीर घायल हो गए। सभी घायलों को कोटा रेफर किया गया है। सीआई दिग्विजय सिंह ने बताया कि कार चालक को नींद की झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे के वक्त कार में 6 लोग सवार थे, जो बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को अंता अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को कोटा भेज दिया। इधर, छबड़ा के मोतीपुरा क्षेत्र में देर रात एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जानकारी के मुताबिक हादसा मोतीपुरा रेलवे फाटक के पास हुआ। भोपाल टीम के खिलाड़ी छबड़ा में क्रिकेट मैच का फाइनल जीतकर वापस मध्यप्रदेश लौट रहे थे। तभी चलती कार का टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हालांकि, गनीमत रही कि किसी भी खिलाड़ी को कोई चोट नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ी को बाहर निकाला।

## बिना अनुमति लगे होर्डिंग्स हटायेगा नगर विकास न्यास

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** नगर विकास न्यास द्वारा अपने अधीनस्थ क्षेत्र में बिना अनुमति लगे होर्डिंग्स, बैनर और फ्लैक्स को हटाया जायेगा। नगर विकास न्यास सचिव अशोक कुमार असीजा ने बताया कि नगर विकास न्यास क्षेत्र में विभिन्न साईट्स, सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति, अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स, बैनर, फ्लैक्स को हटाया जायेगा। इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस में नगर विकास न्यास के अधीनस्थ क्षेत्र में बिना अनुमति लगे होर्डिंग्स, बैनर और फ्लैक्स को संबंधित द्वारा हटा लिया जाये। अन्यथा नगर विकास न्यास द्वारा हटाये जाने की कार्यवाही की जायेगी, जिसके खर्चे की जिम्मेदारी संबंधित की होगी।

## निकायों की सीमा बढ़ाने के लिए जिला कलक्टरों से मांगे प्रस्ताव





जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** सरकार ने एक बार फिर नगर निकायों से सीमा में बढ़ोतरी के प्रस्ताव मांगे हैं। स्वायत्त शासन विभाग (डीएलबी) ने सभी जिला कलक्टरों से 27 फरवरी तक प्रस्ताव भेजने को कहा है। विभाग ने पहले पिछले वर्ष 27 नवंबर तक प्रस्ताव मांगे थे, लेकिन 305 में से सिर्फ 50 निकायों के ही प्रस्ताव आए हैं। इनमें जयपुर, जोधपुर व कोटा नगर निगमों ने प्रस्ताव नहीं भेजे हैं। जानकारों की मानें तो जयपुर, जोधपुर व कोटा में एक निगम के गठन की तैयारी को लेकर फिर से प्रस्ताव मांगे गए हैं। इन तीनों शहरों के निगमों की सीमा बढ़ोतरी के प्रस्ताव आने के बाद ही एक निगम के गठन को लेकर सरकार औपचारिक फैसला लेगी। प्रस्ताव आने के बाद बढ़े हुए क्षेत्र के अनुसार ही वार्डों का परिसीमन किया जाएगा। प्रस्ताव में निकायों के क्षेत्राधिकार में शामिल किए जाने वाले राजस्व ग्राम, उनमें पुरुष व महिला जनसंख्या की वर्गवार स्थिति की जानकारी देनी होगी।

## कपिल शर्मा समेत कई स्टार्स को मिली जान से मारने की धमकी

जनमार्ग न्यूज

**मुंबई।** बॉलीवुड के अलावा टीवी स्टार्स को लेकर बड़ी खबर आ रही है। मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के साथ राजपाल यादव को धमकी भरा ईमेल भेजा गया है। कथित रूप से यह ईमेल पाकिस्तान से आया है। इन दोनों स्टार्स के अलावा सुगंधा मिश्रा और रेमो डिसूजा को भी धमकी मिली है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है। डांसर और कॉमेडियन को निशाना बनाया गया है। इन स्टार्स को धमकी ईमेल के जरिए मिली है जिससे एक बार फिर मुंबई शहर में खलबली मच गई है। सैफ अली खान पर हमला होने के एक हफ्ते बाद ही इन सितारों को जान से मारने की धमकी दी गई है। इसका कनेक्शन सीधे पाकिस्तान से बताया जा रहा है।



# राजस्थान भाजपा में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पर संशय

● मंडल अध्यक्षों की घोषणा नहीं होने से रुकी हुई है जिला अध्यक्षों की सूची

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** बीजेपी में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर अभी भी तस्वीर साफ नहीं है और इसमें अब भी और समय लगने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक अब जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया दिल्ली विधानसभा चुनाव तक आगे बढ़ सकती है।इसका कारण यह है कि अभी तक बीजेपी के 44 जिलों में 1135 मंडल अध्यक्षों के चुनाव नहीं हो पाए हैं । जिला वाइज मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति को देखें तो अब तक भाजपा ने कुल 1135 मंडल अध्यक्षों में से केवल 439 मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया को पूरा किया है जो 50 प्रतिशत से भी कम है। अब तक घोषित किए गए मंडल अध्यक्षों का प्रतिशत 38.67 है जो जिला अध्यक्षों के चुनाव में बाधा बन रहा है। प्रदेश के 44 जिलों में से मात्र तीन जिले ही ऐसे हैं जिनमें अब तक उन जिलों के सभी मंडल अध्यक्ष घोषित किए जा चुके हैं वरना तो सभी जिलों में मंडल अध्यक्षों की घोषणा बकाया पड़ी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह जिले भरतपुर में भी 38 मंडल अध्यक्षों में से केवल 19 का निर्वाचन हो सका है।



जिले के सभी मंडल अध्यक्ष घोषित करने में अजमेर शहर, कोटा शहर और जोधपुर शहर आगे है। अजमेर शहर में 13, कोटा शहर में 14 और जोधपुर शहर में 12 मंडल आते हैं जिनका निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। इन तीन जिलों को छोड़ दे तो बाकी सभी 41 जिलों में अलग-अलग प्रकार की संख्या में मंडल अध्यक्ष अभी घोषित नहीं हुए हैं। बीजेपी के 44 में से 12 जिले तो ऐसे भी हैं जिनमें एक भी मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन नहीं हो सका है। इस कड़ी में नागौर शहर के 29, नागौर देहात के 26, टोंक के 25, भीलवाड़ा के 39, करौली के 23, सवाई माधोपुर के 17, धौलपुर के 19, दौसा के 27, सीकर के 46, झुंझुनू के 42, बारां के 22 और फलोदी के 15 मंडल अध्यक्ष सम्मिलित है। संभाग वाइज भाजपा द्वारा घोषित किए गए मंडल अध्यक्षों की स्थिति को देखें तो बीकानेर संभाग 61 प्रतिशत मंडल अध्यक्षों की घोषणा के साथ पहले स्थान पर है। उसके बाद जोधपुर संभाग में 60 प्रतिशत , कोटा में 55 प्रतिशत, जयपुर में 42 प्रतिशत, भरतपुर में 20 प्रतिशत, अजमेर में 18 प्रतिशत और सबसे कम उदयपुर में 11 प्रतिशत मंडल अध्यक्षों की घोषणा हुई है । पिछले दिनों जयपुर में बीजेपी के चुनाव अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव बी एल संतोष ने कड़ा रूप अख्तियार किया था। उन्होंने स्पष्ट रूप से मंडल अध्यक्षों के चुनाव सात दिनों में पूरे करने का निर्देश दिया था परंतु वह अवधि बीत जाने के बावजूद भी अभी तक मंडल अध्यक्ष घोषित नहीं हो सके हैं।

### बीकानेर संभाग में बीजेपी द्वारा घोषित मण्डल

| | | |
|---|---|---|
| बीकानेर शहर | 10 | 09 |
| बीकानेर देहात | 27 | 20 |
| श्रीगंगानगर | 34 | 22 |
| चुरू | 39 | 11 |
| हनुमानगढ़ | 26 | 21 |
| कुल टोटल | 136-83 | |

### श्रीगंगानगर जिले के नेताओं में भी है जबरदस्त खींचतान

श्रीगंगानगर जिले में भी मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति में नेताओं की आपसी खींचतान बाधा बन रही है। बड़ी बात यह है की श्रीगंगानगर जिले में मात्र दो ही भाजपा विधायक हैं परंतु इन दोनों विधानसभाओं में भी सभी मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। विधायक और विधायक उम्मीदवारों के नजदीकी मंडल अध्यक्ष बूथ समितियों के निर्माण में रुचि नहीं दिखा रहे हैं जिससे मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति अटक रही है। सबसे अधिक खींचतान सादुलशहर विधानसभा में देखने को मिल रही है। सूरतगढ़ शहर के मंडल अध्यक्ष को लेकर भी बड़ी जद्दोजहद हो रही है। इधर रायसिंहनगर विधानसभा में भी कुछ मंडल अध्यक्षों को लेकर नेताओं के आपसी मतभेद सामने आ चुके हैं। श्रीगंगानगर विधानसभा में भी अभी तक दो मंडल अध्यक्षों की घोषणा बाकी है।

### नेताओं की खींचतान और उम्र की बाधा से अटक रही है नियुक्ति

दरअसल प्रदेश में बीजेपी की सरकार होने के कारण नेताओं की आपसी खींचतान के कारण मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति में समय लग रहा है। मंडल अध्यक्षों के लिए 45 वर्ष की आयु सीमा भी भी उनकी नियुक्ति के लिए एक बड़ी बाधा बन रही है। जिले के नेता जिस व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष निर्वाचित करवाना चाहते हैं उसकी आयु अधिक होने से संबंधित मंडल में मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति अटक रही है। ऐसा प्रदेश की लगभग सभी जिलों में हो रहा है जिन जिलों में अभी तक एक भी मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन नहीं हो सका है उसके पीछे भी नेताओं की आपसी खींचतान एक बड़ा कारण है हालांकि बीजेपी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेताओं को कड़े निर्देश दिए हैं की उम्र सीमा का पालन पूरी कड़ाई से किया जाए।

अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083, 76657-85893 पर देवें। E-mail: dainikjanmarg@gmail.com

## सम्पादकीय

# साथी भी कर रहे विरोध

तमिलनाडु ने तो इसे तुरंत वापस लेने का आग्रह किया है। जबकि राजग के भीतर सवाल उठा है कि इन नियुक्तियों में निर्वाचित सरकारों की भूमिका सीमित हो जाएगी। यही वजह है कि कुछ राज्य कुलाधिपति पद से राज्यपालों को दूर रखने के विधेयक पारित कर चुके हैं। कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर कई राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच पहले से तनातनी रही है। अब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए मसविदे पर विवाद शुरू हो गया है। केंद्रीय शिक्षामंत्री ने नए नियमों का बचाव करते हुए कहा कि यह नियुक्ति की पिछली सभी प्रक्रियाओं का पालन करता है। मगर हैरत की बात है कि कुलपतियों के चयन और उनकी नियुक्ति पर बन रहे नए मसविदे को तैयार करने से पहले राज्यों को भरोसे में नहीं लिया गया। नतीजा यह हुआ कि न केवल गैर-भाजपा शासित राज्यों ने आपत्ति जताई, बल्कि राजग के भीतर भी सवाल उठ गए हैं। प्रमुख घटक दलों ने कहा है कि इससे राज्य सरकारें हतोत्साहित होंगी। इस पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। दरअसल, राज्यों की आपत्ति है कि नए मसविदे से संविधान में निहित संघीय सिद्धांतों का उल्लंघन होगा। तमिलनाडु ने तो इसे तुरंत वापस लेने का आग्रह किया है। जबकि राजग के भीतर सवाल उठा है कि इन नियुक्तियों में निर्वाचित सरकारों की भूमिका सीमित हो जाएगी। यही वजह है कि कुछ राज्य कुलाधिपति पद से राज्यपालों को दूर रखने के विधेयक पारित कर चुके हैं। यह बात और है कि राज्यपालों ने उन्हें मंजूरी नहीं दी। सर्वविदित है कि कुलाधिपति यानी राज्यपाल ही राज्य सरकार की सलाह से अंतिम चयन करते आए हैं। मगर अब वे अपनी पसंद की नियुक्ति करते दिखते हैं। इसी को लेकर प्रायः विवाद होते हैं। कहा जा रहा है कि नए नियमों के मुताबिक विश्वविद्यालयों को दूरदर्शी और नेतृत्व क्षमता वाले कुलपति मिलेंगे, लेकिन दूसरी ओर दस साल के शिक्षण की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। यानी गैर-शैक्षिक क्षेत्रों के लोग कुलपति बनेंगे। जाहिर है, इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। चयन में आयोग के प्रतिनिधि की भी भूमिका रहेगी।

# मोहन भागवत के वक्तव्य के मायने

कोई 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता दिवस न माने तो उसका विरोध स्वाभाविक होगा। उसके बाद राहुल गांधी का बयान सबसे ज्यादा चर्चा और बहस में है कि मोहन भागवत ने जो कहा वह संघ का विचार है और हम उसी के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने अपने केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर यहां तक कह दिया कि यह मत मानिए कि हमारा संघर्ष संघ और भाजपा जैसे किसी राजनीतिक संगठन से है, हमें पूरे इंडियन स्टेट यानी भारतीय राज्य से संघर्ष करना है। संपूर्ण भारतीय राज्य के विरुद्ध संघर्ष भी लोकसभा में विपक्ष के नेता द्वारा, जिसने संविधान के तहत शपथ ली हो, सामान्य तौर पर न स्वीकार हो सकता है न गले उतर सकता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत द्वारा इंदौर के एक कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस और अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर दिए गए वक्तव्य से देश में राजनीति, गैर राजनीतिक एक्टिविज्म चारों ओर बवंडर मचा हुआ है। विरोधी आरोप लगा रहे हैं कि संघ 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता दिवस मानता ही नहीं और भागवत ने 22 जनवरी, 2024 यानी पौष शुक्ल द्वादशी से स्वतंत्रता दिवस मानने और मनाने की अपील की है। कोई 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता दिवस न माने तो उसका विरोध स्वाभाविक होगा। उसके बाद राहुल गांधी का बयान सबसे ज्यादा चर्चा और बहस में है कि मोहन भागवत ने जो कहा वह संघ का विचार है और हम उसी के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने अपने केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर यहां तक कह दिया कि यह मत मानिए कि हमारा संघर्ष संघ और भाजपा जैसे किसी राजनीतिक संगठन से है, हमें पूरे इंडियन स्टेट यानी भारतीय राज्य से संघर्ष करना है। संपूर्ण भारतीय राज्य के विरुद्ध संघर्ष भी लोकसभा में विपक्ष के नेता द्वारा, जिसने संविधान के तहत शपथ ली हो, सामान्य तौर पर न स्वीकार हो सकता है न गले उतर सकता है।

राहुल गांधी के वक्तव्य पर आगे विचार करेंगे, पहले यह देखें कि डॉ. भागवत और संघ, भाजपा सहित पूरे विचार परिवार के विरुद्ध चल रहे अभियान का सच क्या है? भागवत के इंदौर के भाषण के वीडियो उपलब्ध हैं और कोई भी सुन सकता है। वे बोल रहे हैं- 'भारत स्वतंत्र हुआ 15 अगस्त को। राजनीतिक स्वतंत्रता आपको मिल गई। हमारा भाग्य निर्धारण करना हमारे हाथ में है। हमने एक संविधान भी बनाया, एक विशिष्ट दृष्टि, जो भारत के अपने स्व से निकलती है, उसमें से वह संविधान दिग्दर्शित हुआ, लेकिन उसके जो भाव हैं, उसके अनुसार चला नहीं और इसलिए, हो गए हैं स्वप्न सब साकार कैसे मान लें, टल गया सर से व्यथा का भार कैसे मान लें।' साफ है जो भाषण सुनेगा और निष्पक्षता से विचार करेगा, वह वर्तमान विरोधों, विवादों से सहमत नहीं हो सकता। हमारे देश की बौद्धिक, एक्टिविज्म और राजनीति की दुनिया ने लंबे समय से दुष्प्रचार कर रखा है कि संघ स्वतंत्रता दिवस को मानता ही नहीं। तिरंगा झंडा को स्वीकार नहीं करता और संविधान को खारिज करता है। इसलिए किसी भी वक्तव्य को उसके सच और संदर्भ से काटकर दो-चार शब्दों के आधार पर आलोचना और हमला स्वभाव बन गया है। जरा बताइए, इन पंक्तियों में कहां है कि हमें 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता मिली ही नहीं? दूसरे, इसमें भारतीय संविधान को खारिज करने का एक शब्द है क्या? वो कह रहे हैं कि भारतीय संविधान एक विशिष्ट दृष्टि स्व से निकला। क्या यह सच नहीं है कि हमने स्वयं संविधान की भावनाओं के अनुरूप न देश के लोगों के अंदर भारत के संस्कार को लेकर जागृति पैदा की, न उसके अनुसार व्यवस्थाओं की रचना की? महात्मा गांधी ने 15 अगस्त, 1947 को कोई वक्तव्य जारी नहीं किया। उन्होंने अपने साथियों से कहा कि क्या ऐसे ही स्वराज के लिए हमने संघर्ष किया था? उन्होंने स्पष्ट लिखा कि हमें अंग्रेजों से राजनीतिक स्वतंत्रता मिल गई किंतु सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक स्वतंत्रता के लिए पहले से ज्यादा लंबे संघर्ष और परिश्रम की आवश्यकता है। हम आप गांधी जी को स्वतंत्रता दिवस विरोधी घोषित कर देंगे? उन्होंने न जाने कितनी बार बोला और लिखा कि हम अंग्रेजों से केवल राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए संघर्ष नहीं कर रहे हैं। भारत ही एकमात्र देश है जो दुनिया को दिशा दे सकता है। भारत



का ध्येय अन्य देशों से भिन्न है। धर्म वह क्षेत्र है जिसमें भारत दुनिया में सबसे बड़ा हो सकता है। यह सच है कि भारत को समझने वाले ज्यादातर मनीषियों ने ऐसे भारत की कल्पना की जो अपने धर्म, अध्यात्म, संस्कृति और सभ्यता के आधार पर ऐसा महान और आदर्श देश बनेगा जिससे विश्व सीखेगा कि सद्भाव, संयम, त्याग और साहचर्य के आधार पर कैसे कोई राष्ट्र महान बन सकता है। विश्व गुरु कहने के पीछे भाव भी यही है। किंतु जब आप हम क्या हैं और क्या होना है यही नहीं समझेंगे तो राष्ट्र का निश्चित लक्ष्य ओझल हो जाता है।

इस संदर्भ में मोहन भागवत की अगली पंक्ति भी देखनी चाहिए।' हमारा स्व क्या है? राम, कृष्ण, शिव, यह क्या केवल देवी - देवता हैं, या केवल विशिष्ट उनकी पूजा करने वालों के हैं? ऐसा नहीं है। राम उत्तर से दक्षिण भारत को जोड़ते हैं।' उन्होंने कहीं नहीं कहा कि पौष शुक्ल द्वादशी को स्वतंत्रता दिवस मनाना है। इसे प्रतिष्ठा द्वादशी के नाम से संपूर्ण देश से मनाने की अपील की। जिन्हें भारतीय पंचांग व तिथियों की गणना, कैलेंडर तथा एकादशी के महत्व का ज्ञान नहीं उनके लिए समझना कठिन होगा। भागवत ने कहा कि हमें स्वतंत्रता थी लेकिन वह प्रतिष्ठित नहीं हुई थी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ वह प्रतिष्ठित हुई इसलिए उसे प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाया जाना चाहिए। थोड़ा दुष्प्रचारों से अलग होकर सोचिए कि आखिर आक्रमणकारियों ने हमारे धर्म स्थलों को ध्वस्त क्यों किया? इसीलिए कि हमारा स्व मर जाए, उन स्थलों, प्रतिस्थापित प्रतिमाओं या निराकार स्वरूपों को लेकर हमारे अंदर का आस्था विश्वास नष्ट हो, उनके प्रति हम अपमानित महसूस करें? स्वतंत्रता के लिए लंबा संघर्ष हुआ जिनका मूल लक्ष्य स्व की प्रतिस्थापना थी। इस संदर्भ में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर मुक्ति का आंदोलन किसी के विरोध के लिए नहीं, स्व जागृत करने और पाने के लिए था। राजनीतिक नेतृत्व इस रूप में से लेता तो आंदोलन इतना लंबा चलता ही नहीं। ध्यान रखिए, भागवत उस कार्यक्रम में बोल रहे थे जहां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय को राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि यह दिन अयोध्या में राम मंदिर के पुनर्निर्माण और भारतीय संस्कृति की पुनर्स्थापना का प्रतीक बन गया है। जिनके लिए अयोध्या आंदोलन ही गलत हो वे इस भाव को नहीं समझ सकते। तब भी मान लीजिए कि किसी का डॉ. भागवत या संघ की सोच से मतभेद होगा। किंतु जो उन्होंने कहा बहस उस पर होगी या जो कहा नहीं, उस पर? क्या इस तरह का झूठ फैलाना और लोगों के अंदर हिंसा का भाव पैदा करना संविधान की प्रतिष्ठा है? राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं और उन्हें पद और गरिमा का भान होना चाहिए। चूंकि लोकसभा चुनाव से मुस्लिम मतों का रुझान कांग्रेस की ओर दिखा है और इसे बनाए रखने पर पूरा फोकस है। लगता है जितना संघ का विरोध करेंगे, आक्रामक होंगे हमारे पक्ष में वोटों का ध्रुवीकरण होगा। वास्तव में डा. भागवत ने तो एक संतुलित विचार दिया जबकि राहुल गांधी की बात हिंसा और उत्तेजना पैदा करने वाली है। कांग्रेस के परंपरागत नेताओं को भी विचार करना चाहिए कि क्या इस सोच से उनका जन समर्थन बढ़ेगा? क्या यह उन मूल्यों के के विरुद्ध आघात नहीं होगा जिनके लिए स्वतंत्रता संघर्ष हुआ? क्या यह अंततः भारतीय मानस के हित में होगा?

# जय-पराजय को जीवन संघर्ष का अभिन्न अंग मानते थे बोस

वह चार जुलाई,1944 का दिन था, जब आजाद हिन्द फौज के सुप्रीम कमांडर के तौर पर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने बर्मा (अब म्यांमार) में 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' के नारे के साथ भारतीयों से आजादी की कीमत चुकाने का आह्वान किया। उस वक्त उनके शब्द थे, '...अपनी कमर कस लें। यहां किसी को भी आजादी का आनंद लेने के लिए जीने की इच्छा नहीं होनी चाहिए। एक लंबी लड़ाई हमारे सामने है। आज हमारे अंदर बस एक ही इच्छा होनी चाहिए- मरने की इच्छा...ताकि भारत जी सके...ताकि आजादी के रास्ते शहीदों के खून से प्रशस्त हो सकें।' अनंतर, उन्होंने एक इससे भी बड़ी बात कही थी। यह कि आजादी दी नहीं जाती, ली जाती है और जो लोग अपने लिए आजादी चाहते हैं, उनका कर्तव्य है कि उसकी कीमत अपने खून से चुकाएं। इससे पहले उनके नेतृत्व में न सिर्फ निर्वासित आजाद हिन्द सरकार का गठन किया जा चुका था, बल्कि इस सरकार की इसी नाम की फौज ने अपने सैन्य अभियान का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था और अपने ऐतिहासिक 'दिल्ली चलो' अभियान की कामयाबी के विश्वास से भरी हुई थी। लेकिन विडम्बना कि इसके कुछ ही दिनों बाद भारत की एक-एक इंच भूमि को फिरंगियों के कब्जे से आजाद कराने की उनकी उम्मीदों पर घोर तुषारापात का दौर आरम्भ हो गया और कोहिमा में 4 अप्रैल, 1944 से 22 जून 1944 के बीच तीन चरणों में लड़े गये विकट युद्ध में हाथ आई पराजय ने उसकी धुन व सपनों दोनों का अंत कर दिया। ऐसा नहीं हुआ होता तो निस्संदेह, आज हमारे देश का इतिहास कुछ और होता। वह तब भी कुछ और ही होता, अगर हमने असमय नेता जी को खो नहीं दिया होता। क्योंकि वे इस एक पराजय से विचलित होकर फिरंगियों का प्रतिरोध त्याग देने वाले नहीं थे और जय और पराजय को जीवन संघर्ष का अभिन्न अंग मानते थे। वे कहते थे कि अगर जीवन में संघर्ष न रहे और किसी भय का सामना न करना पड़े, तो जीवन का आधा स्वाद ही समाप्त हो जाता है।' गैरबराबरी को लेकर तो उनका चिंतन इस मोड़ तक पहुंच गया था कि कई बार वे स्वयं से ही पूछते थे : यदि हमारे समाज में एक भी व्यक्ति ऐसा है जो अपनी आवश्यकताएं पूरी नहीं कर सकता तो मुझे सुखी जीवन जीने का क्या अधिकार है? अपने छुटपन में वे अपने घर के सामने भीख मांगकर गुजारा करने वाली एक वृद्धा के कष्ट देखकर बहुत विचलित हो जाते और सोचने लगते थे कि देश में यह कैसी व्यवस्था है जिसमें उसे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती और वह जाड़े, बरसात, धूप और आंधी-तूफान से बचने के लिए सिर छुपाने की जगह की भी मोहताज है? उन्हें उसकी समस्या का तत्काल कोई निदान नहीं सूझा तो उन्होंने बस के बजाय पैदल कॉलेज जाना शुरू कर दिया और इससे बचने वाले पैसों से उसकी मदद करने लगे थे। आगे चलकर संभवतः इसी तरह के सवालों के जवाब ढूंढते-ढूंढते उन्होंने उन दिनों की सबसे प्रतिष्ठित इंडियन सिविल सर्विस (आईसीएस) में अपने चुनाव के बावजूद उसके फलस्वरूप मिलने वाला सुख-समृद्धि व सुविधाओं वाला जीवन त्याग दिया और स्वतंत्रता संघर्ष का कांटों से भरा हुआ रास्ता चुन लिया। प्रसंगवश, आईसीएस के इंटरव्यू के दौरान भी उन्हें गुलामी का एक बेहद तल्ख अहसास हुआ था। दरअसल, इंटरव्यू में अंग्रेज अफसर भारतीय अभ्यर्थियों से जान-बूझकर उलटे-सीधे प्रश्न पूछकर उन्हें अपमानित कर रहे थे। उनकी बारी पर उन्होंने उनसे भी मजाक उड़ाने के लिए पूछा कि छत पर जो पंखा घूम रहा है, उसमें कितनी पंखुड़ियां हैं? उन्होंने तेज गति से चल रहे पंखे पर नजर डाली तो अफसर उन पर हंसने लगे। लेकिन उन्होंने संतुलन खोये बगैर कहा 'हम भारतीय अपनी बुद्धि से जटिल से जटिल प्रश्न का हल खोज लेते हैं, यह प्रश्न तो उसके आगे कुछ भी नहीं है।' फिर वे उठे और पंखे का स्विच ऑफ कर दिया। फिर उसके रुकते ही उसकी पंखुड़ियां गिनीं और उनकी संख्या बता दी। उनकी सहृदयता की एक मिसाल यह थी कि छात्र जीवन में उनके एक मित्र को चेचक हो गई। सुभाष ने उस मित्र के पास पहुंचकर उसकी सेवा-सुश्रूषा शुरू कर दी। यह जानकर उनके पिता ने उनसे कहा कि इससे तुम्हें भी चेचक हो सकती है। इस पर सुभाष का दो टूक उत्तर था : अब तो जो भी हो, मैं अपने मित्र को अकेला नहीं छोड़ सकता। जवाब सुनकर पिता भाव-विभोर हो उठे थे। उनकी आंखें भर आई थीं और उन्होंने कहा था, 'मुझे गर्व है कि तुम मेरे बेटे हो।' बाबा नागार्जुन भी अपनी 'उनको प्रणाम' कविता में नेता जी जैसे नायकों के लिए यह पंक्ति लिखते हुए उतने ही भाव-विभोर रहे होंगे : 'थी उग्र साधना पर जिनका जीवन नाटक दुःखांत हुआ।'

## कृष्ण योग के सूत्र


भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।

## स्वयं के धर्म की चिंता

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

# क्या टमाटर खाने से बढ़ती है सिगरेट की तलब

इंटरनेट और सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि टमाटर में निकोटिन होता है। अगर आप स्मोकिंग छोड़ रहे हैं तो इस दौरान टमाटर नहीं खाना चाहिए क्योंकि ये स्मोकिंग को ट्रिगर करता है। सबसे पहला सवाल ये है कि क्या टमाटर में सचमुच निकोटिन होता है? इसका जवाब हां है। आलू, टमाटर और बैंगन जैसी कई सब्जियों में निकोटिन होता है। हालांकि, इसकी मात्रा इतनी कम होती है कि इसके कारण स्मोक की तलब लगना मुश्किल नहीं, असंभव है। अभी तक किसी साइंटिफिक स्टडी में यह सामने नहीं आया है कि टमाटर खाने से स्मोक की तलब लग सकती है। 100 ग्राम टमाटर में एक सिगरेट में मौजूद निकोटिन के 10 हजारवें भाग के बराबर निकोटिन होता है। टमाटर में लाइकोपीन और ल्यूटिन जैसे पावरफुल एंटीऑक्सिडेंट होते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व न्यूरोडिजेनरेटिव डिजीज, टाइप 2 डायबिटीज और हार्ट डिजीज का जोखिम कम करते हैं। टमाटर में लगभग 95 प्रतिशत पानी होता है। इसके बाकी बचे 5 प्रतिशत हिस्से में मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट और फाइबर होता है। इसमें शुगर, प्रोटीन और फैट भी होता है। टमाटर विटामिन‸ और ष्ट से भरपूर होता है। इसमें पोटेशियम, कैल्शियम और फास्फोरस जैसे मिनरल्स भी होते हैं। रोज एक टमाटर खाने से बहुत सारे फायदे हो सकते हैं। इसके अलावा यह सर्दियों में हमारी बॉडी को हाइड्रेटेड रखता है। इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का जोखिम कम करता है। टमाटर में मौजूद लाइकोपीन फ्री रेडिकल्स से लड़कर इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। यही कारण है कि लाइकोपीन से भरपूर टमाटर लंग्स, पेट या प्रोस्टेट कैंसर होने की आशंका कम कर सकता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, टमाटर पैंक्रियाज, कोलोन, गले, मुंह और ब्रेस्ट कैंसर का जोखिम कम कर सकता है। टमाटर में मौजूद लाइकोपीन एलडीएल यानी खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम करने के साथ ब्लड प्रेशर भी कम करने में मदद करता है। इससे हार्ट डिजीज की आशंका कम हो सकती है। टमाटर में मौजूद विटामिन क्क और श्च और एंटीऑक्सिडेंट फ्लेवनॉइड्स भी हार्ट हेल्थ को इंप्रूव करते हैं। टमाटर में ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन नाम के कंपाउंड्स होते हैं, जो आपकी आंखों को स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसी डिजिटल डिवाइस की ब्लू लाइट से बचाते हैं। टमाटर अस्थमा और सांस की बीमारियों से बचा सकता है। वातस्फीति से बचा सकता है। यह ऐसी कंडीशन है, जिसमें लंग्स धीरे-धीरे डैमेज होने लगते हैं। टमाटर में मौजूद लाइकोपीन,



ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट धुएं और अन्य हानिकारक पदार्थों से लड़कर लंग्स को बचाते हैं। अगर भोजन में रोज टमाटर शामिल किए जाए तो स्ट्रोक की संभावना कम हो सकती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, टमाटर खाने से इंफ्लेमेशन कम हो सकता है। इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है, कोलेस्ट्रॉल लेवल कम हो सकता है और यह ब्लड क्लॉटिंग से बचा सकता है। ये सभी चीजें स्ट्रोक को रोकने में मदद कर सकती हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में ब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, लाइकोपीन मसूड़ों की सूजन और बीमारियों से बचाता है। हालांकि, बहुत ज्यादा कच्चे टमाटर खाने से इसमें मौजूद एसिड के कारण दांतों के इनेमल को नुकसान हो सकता है। टमाटर खाने के तुरंत बाद ब्रश करने से और भी नुकसान हो सकता है। अगर ब्रश करना है तो टमाटर खाने के बाद कम-से-कम 30 मिनट इंतजार करें। स्किन डैमेज होने से बचाता है धूप से बचने के लिए लोग टोपी या सनस्क्रीन इस्तेमाल करते हैं। वहीं टमाटर में मौजूद लाइकोपीन जिस तरह अल्ट्रा वायलेट किरणों से टमाटर की रक्षा करता है। उसी तरह हमारी स्किन को भी प्रोटेक्ट करता है। इसके अलावा स्किन के अंदर की सेल्स को भी डैमेज होने से बचाता है। प्रतिदिन एक-दो टमाटर खाना सेफ है। इससे शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिल जाते हैं। ज्यादा टमाटर खाने से पेट में जलन और दर्द हो सकता है। ब्लड शुगर कम हो सकता है। इसलिए टमाटर लिमिट में ही खाएं। टमाटर को कच्चा या पकाकर, दोनों तरह से खाना फायदेमंद है। इसे पकाने से न्यूट्रिशनल वैल्यू पर खास फर्क नहीं पड़ता है। हालांकि, टमाटर पकाकर खाने से इसमें मौजूद लाइकोपीन जैसे महत्वपूर्ण एंटीऑक्सिडेंट बॉडी के लिए एब्जॉर्ब करना आसान होता है। बहुत ज्यादा टमाटर खाने से एसिड रिफ्लक्स या डायरिया की समस्या हो सकती है। अगर लंबे समय तक रोज बहुत ज्यादा टमाटर खा रहे हैं तो किडनी स्टोन भी हो सकते हैं। टमाटर से कुछ लोगों को एलर्जिक रिएक्शन भी हो सकते हैं। अगर टमाटर खाने से किसी को स्किन में रैशेज आते हैं या कोई समस्या दिखती है तो टमाटर नहीं खाना चाहिए।

# साइबर शील्ड सड़क सुरक्षा अभियान एवं नो ड्रग अभियान के अंतर्गत व्याख्यान आयोजित






जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** पुलिस थाना कोतवाली, श्रीगंगानगर द्वारा साइबर शील्ड सड़क सुरक्षा अभियान और नो ड्रग अभियान के तहत आज श्रीगुरु नानक खालसा पीजी कॉलेज, श्रीगंगानगर में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान को संबोधित करते हुए थानाधिकारी कोतवाली, श्री पृथ्वीपाल सिंह भाटी ने छात्रों और स्टाफ को सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। थानाधिकारी ने छात्रों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि यातायात के नियमों का पालन न करने से न केवल व्यक्ति की जान को खतरा होता है, बल्कि इससे समाज में असुरक्षा की भावना भी बढ़ती है। साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने छात्रों को साइबर सुरक्षा के उपायों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीकों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे सोशल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इसके अतिरिक्त, नो ड्रग अभियान के तहत उन्होंने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत दवाओं और नशीले पदार्थों के सेवन और उनकी तस्करी के गंभीर परिणामों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। थाना कोतवाली से राकेश ए इस आई, वेदप्रकाश उपस्थित रहे। महाविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान डा अनुप्रिया जैन व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने यातायात नियमों, साइबर अपराध और नशे से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं को थानाधिकारी से साझा किया और उन्होंने सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। कॉलेज के प्राचार्य, डा. सुखविंदर सिंह ने इस महत्वपूर्ण व्याख्यान के लिए पृथ्वीपाल सिंह भाटी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान छात्रों को सुरक्षित जीवन और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी बताया।

# स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने बीमा क्लेम राशि का 2 लाख का क्लेम पारित किया

जनमार्ग न्यूज




**रावतसर।** भारतीय स्टेट बैंक (31149) मैन ब्रांच में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 2 लाख का क्लेम पारित किया गया। खाताधारक अमरजीत सिंह पुत्र जस्सा सिंह वार्ड नंबर पुराना 20 रावतसर का असामयिक निधन होने पर उनके द्वारा करवाए गए प्रधानमंत्री जीवन जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत उनके पिता जस्सा सिंह को 2 लाख का क्लेम पारित किया गया । इस दौरान शाखा प्रबंधक सुनील स्वामी, उप प्रबंधक सुनील चाचाण, सीएसपी भजन लाल पंचारिया और कैलाश पिलानिया आदि मौजूद रहे। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री जन धन योजना में 20 रुपए के वार्षिक प्रीमियम में सुरक्षा बीमा जो 18 से 70 वर्ष की आयु तक होता है और 436 रुपए के वार्षिक प्रीमियम में जीवन ज्योति बीमा योजना जो 18 से 50 वर्ष तक की आयु तक होता है और इसमें अटल पेंशन की सुविधा भी दी जाती है।इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एक अन्य जन कल्याणकारी योजना जिसमें 1000 रुपए के सालाना प्रीमियम में 20 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर भी दिया जा रहा है अतः आप सभी एसबीआई के सम्मानित ग्राहकों से अनुरोध है कि भारत सरकार और भारतीय स्टेट बैंक की इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठावें ताकि कल को पीड़ित परिवारों के बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके ।

## चार ग्राम अवैध मादक पदार्थ हैरोईन चिटा के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**चूनावढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** चूनावढ़ एसएचओ मलकीयत सिंह ने 04 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हैरोईन (चिटा) के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार चूनावढ़ थाना प्रभारी मय थाना स्टाफ के दौराने गश्त सडक आम चूनावढ़ कोठी से गांव चूनावढ़ नजद हनुमान मन्दिर से आरोपी शेखर दुपगा पुत्र भगवानदास (20) निवासी चूनावढ़, पुलिस थाना चूनावढ़ के कब्जा से 04 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हैरोईन (चिट्टा) बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया, जिस पर मुकदमा नम्बर 09/ 2025 धारा 8/25 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया जाकर अनुसंधान सुभाष बिश्नोई उपनिरीक्षक पुलिस थाना मटीलीराठान को सुपुर्द किया गया है।



## राष्ट्रीय कला मंदिर की एक शाम लता मंगेशकर के नाम

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के नाम राष्ट्रीय कला मंदिर द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय कला मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र बैद ने बताया कि 26 जनवरी की शाम 6.05 बजे बाबा रामदेव मंदिर के सामने रोहित उद्योग परिसर में स्थित चौधरी रामजस कला सदन (ऑडिटोरियम) में एक शाम लता मंगेशकर के नाम से यह कार्यक्रम किया जाएगा। इसमें अनेक स्थानीय तथा बाहर से आए गायक कलाकार वाद्य यंत्रों की संगत में गीतों की प्रस्तुति देंगे। मुख्य अतिथि समाजसेवी अजय जग्गा होंगे। उन्होंने गीत-संगीत प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रममें आकर आनंद लेने का आग्रह किया है।



# मानसिक रोगी ने जहर खाकर दी जान

## शराब पीने का आदी था युवक, डॉक्टरों ने गुरुग्राम किया रेफर

**सोहना ( जनमार्ग न्यूज )।** हरियाणा के गुरुग्राम जिले के सोहना के गांव लाखुवास में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 25 वर्षीय युवक नीरज ने मानसिक संतुलन बिगड़ने के चलते जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। मृतक शराब का आदी था और पिछले कुछ दिनों से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। सूचना पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना देर रात की है, जब नीरज ने शराब के नशे में जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत सोहना के नागरिक अस्पताल ले गए। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे गुड़गांव रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।जांच अधिकारी महावीर के अनुसार पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए धारा 174 के तहत मामला दर्ज किया है। शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।



# जरूरतमंदों को वितरित किए गर्म कंबल, टोपी और जुराबें

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** टाउन के सतीपुरा रोड के किनारे बुधवार को यूथ वीरांगनायें टीम द्वारा एक विशेष समाजसेवी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें झुगी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों और उनके बच्चों को गर्म कंबल, टोपी, जुराबें और अन्य जरूरी सामग्री वितरित की गई। इस आयोजन की मुख्य अतिथि सुमन ग्रोवर व निशा थीं, जिन्होंने इस नेक कार्य की सराहना की और यूथ वीरांगनाओं के प्रयासों को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के दौरान यूथ वीरांगनाएं टीम की सदस्य भावना ने बताया कि यूथ वीरांगनाएं समय -समय पर समाज के विभिन्न वर्गों की मदद के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं। उनका उद्देश्य समाज के कमजोर और असहाय वर्गों तक सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा, ÷हमने मकर संक्रांति, नव वर्ष, 26 दिसम्बर बाल वीर दिवस, होली, दीपावली और वन महोत्सव जैसे पर्वों पर हमेशा ही जरूरतमंदों के बीच खुशियाँ बांटी हैं। इन अवसरों पर पौधरोपण, जागरूकता अभियान, और स्वच्छता दिवस जैसे कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को पर्यावरण और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराया है। यूथ वीरांगनाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हमेशा समाज की भलाई के लिए कुछ विशेष किया जाता है। इन कार्यक्रमों में मुख्य रूप से असहाय बच्चों, महिलाओं और गरीब परिवारों की मदद की जाती है। महिला दिवस, पृथ्वी दिवस, और स्वच्छता दिवस जैसे राष्ट्रीय उत्सवों पर भी यूथ वीरांगनाएं जन जागरूकता फैलाने का कार्य करती हैं। यूथ वीरांगनाएं टीम की सदस्य ऐशणा ने बताया इसके अलावा, यूथ वीरांगनाओं द्वारा निशुल्क सिलाई सेंटर, ब्यूटी पार्लर सेंटर और गरीब बच्चों के लिए ट्यूशन की व्यवस्था भी की जाती है। ये सेंटर न केवल गरीब महिलाओं और बच्चों को प्रशिक्षित करते हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद करते हैं। साथ ही, ये संगठन गरीब बच्चों के लिए आवश्यक पाठ्य सामग्री प्रदान करता है ताकि उनका शिक्षा में कोई नुकसान न हो। यूथ वीरांगनाएं टीम की सदस्य सरोज ने कहा यूथ वीरांगनाओं द्वारा गरीब कन्याओं की शादी के लिए भी सहयोग प्रदान करती हैं, ताकि उन्हें इस महत्वपूर्ण दिन पर कोई भी समस्या न आए। इसके अतिरिक्त, वे समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित करती हैं, जिसमें गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाती हैं।

## गौशाला में गुड़ व हरे चारे की सेवा



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** लायंस इंटरनेशनल (प्रांत 3233 ई प्रथम) रीजन बांके बिहारी के लायंस क्लब सैंटर द्वारा सुखाड़िया सर्किल स्थित श्री गौशाला में गायों के लिए हरे चारे व गुड़ की 11 स्वामिनी की गई। क्लब अध्यक्ष श्याम गोस्वामी बताया कि रीजन चेयरमैन एमजेएफ नरेंद्र भठेजा, जोन चेयरमैन एमजेएफ पंकज गर्ग, प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा, जीएमटी कॉर्डिनेटर केवल सचदेवा, क्लब सचिव सचिन कुक्कड़, कोषाध्यक्ष अनिल पाहूजा, पूर्व अध्यक्ष कमल चराया वरिष्ठ लॉयन मनोज मिड्ढा, एलडी शर्मा, भगवानदास होरड़ व देवेंद्र भाटिया आदि सदस्य गौ सेवा में शामिल हुए। सचिव सचिन कुक्कड़ ने बताया कि पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ सुनील गोयल (ग्वालियर) ने अपने पिता स्व. राधेश्याम गोयल की आत्मिक शांति के लिए इस गौ सेवा में सहयोग प्रदान किया। स्व. राधेश्याम गोयल की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। आशीष अरोड़ा ने कहा कि गौ सेवा करने से घर में सुख-समृद्धि और परिजनों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। नरेंद्र भठेजा ने गौ सेवा को उत्तम बताते हुए कहा कि गाय में तैतीस करोड़ देवी देवताओं का वास होता है। जोन चेयरमैन पंकज गर्ग ने लायंस क्लब सैंटर द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यो की सराहना की।

# सड़क सुरक्षा माह,साइबर क्राइम को लेकर आमजन को किया जा रहा है जागरूक

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** हिन्दुमलकोट क्षेत्र के थाना कोनी चौकी के थाना प्रभारी हरबंस सिह व स्टाफ द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के रोहिडावाली व कोनी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पुलिस महानिदेशक राजस्थान द्वारा चलाये जा रहे अभियानो को लेकर आमजन को जानकारी दी गई। जिसमें साईबर शील्ड अभियान के अन्तर्गत आम जनता, सदस्य,पुलिस मित्र , सुरक्षा सखी मौजुद रहे।आमजन से अपील की गई किसी भी संदीग्ध ऑडियो ,विडियों कॉल जो पुलिस अधिकारी ,या अन्य सरकारी जांच एंजेन्सी के नाम से डराकर रूपयें मांगने या परिवार के किसी सदस्य को अरेस्ट करने ,आदि से सबंधित डराने - धमकाने के नाम पर रूपये मांगने पर तुरन्त पुलिस को सुचित करने या 1930 पर कॉल करें।इसी के साथ साथ चौकी प्रभारी हरबंस सिंह द्वारा सडक सुरक्षा माह 2025 के अन्तर्गत यातायात नियमों का पालन करना, सर्दी का मौसम होने के कारण ज्यादा धुंध में अतिआवश्यक होने पर ही वाहन का उपयोंग करना ओर आमजन सावधानी से वाहन चलाये। दुपहिया वाहन पर हेलमेट का उपयोग करे, चौपहिया वाहन पर सीट बैल्ट लगाकर ही घर से निकले । वाहनों पर क्षमता से ज्यादा सवारियां लेकर ना चढ़ाएं, इसके अलावा क्षेत्र की प्रमुख समस्या हिरोईन , नशीली प्रतिबंधित टेबलेट्स व गोलियों ,अवैध शराब का सेवन नही करने व अपने परिवार व बच्चों को इससे दूर रहने हेतु समझाईस की गई व उक्त नशे के व्यापार में संलिप्त किसी व्यक्ति की सुचना पुलिस को देने हेतु आग्रह किया। उन्होंने आमजन से अपील की हे कि आपके आसपास नशे का कारोबार करने वाले की जानकारी तुरंत पुलिस को देवें।

## वित्तीय प्रबंधन कार्यशाला एवं घरेलु उद्यम प्रोत्साहन सेमिनार

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** जिला हनुमानगढ़ में राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम में आज दिनांक 21.01.2025 को सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता हनुमानग? द्वारा जांगि? सुथार धर्मशाला हनुमानगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम वित्तीय प्रबंधन कार्यशाला एवं घरेलु उद्यम प्रोत्साहन सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीमती सुनीता शर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी, हनुमानगढ़ द्वारा अतिथियों का स्वागत करके की गई। श्रीमती अदिति अरो?ा, सहायक लेखाधिकारी द्वितीय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित संभागियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्सहान योजना के तहत महिलाओं को लोन वितरित किये जाते है, विभाग द्वारा लोन पर 25 प्रतिशत एवं 30 प्रतिशत राशि की सब्सीडी महिलाओं को प्रदान की जाती है। महिलाएं नजदीकी ई मित्र पर जा कर उक्त योजना हेतु आवेदन कर सकती है। कार्यक्रम में उपस्थित श्री अनिरूद्ध प्रताप सिंह, मैनेजर फाईनेंस, राजीविका, सुश्री सिमरजीत कौर, जिला प्रबंधक (वित्तीय समावेशन), ने पीपीपीटी द्वारा संभागियों को वित्तीय प्रबंधन के संबंध में बताया। श्री अनिरूद्ध जी द्वारा प्रतिभागियों को बताया कि आप अपनी सैलरी या बचत के पैसो का सोच समझ कर उपयोग करे, अपने भविष्य के लक्ष्यों हेतु आज से ही बचत करे, इस हेतु आप थो?ी - थो?ी राशि बचा कर जमा करे एवं आवश्यकतानुसार ही उक्त राशि का उपयोग करे जिस से आपको जीवन में वित्तीय समस्याओं का सामना न करना प?। श्री लवप्रीत सिंह, जिला प्रबंधक (आईबी/सीबी) द्वारा प्रतिभागियों को राजिविका विभाग द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाएं, मानस सखी, ड्रॉन दीदी, कृषि दीदी एवं स्वयं सहायता समूहो के बारे में अवगत करवाया एवं बताया की कैसे महिलाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अपना स्वयं का उद्यम चला सकती है एवं स्वयं को सशक्त बना रही है।

# हरियाणा निगम सलाहकारों के वित्तीय अधिकार समाप्त

## निकाय विभाग ने ब्योरा मांगा, कहा- जरूरी होने पर ही इनकी नियुक्ति करें, केवल सुपरवाइजरी रोल सौंपे

**चंडीगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** हरियाणा सरकार ने सूबे के निकायों में नियुक्त रिटायर्ड कर्मचारियों (सलाहकार) को बड़ा झटका दिया है। शहरी एवं स्थानीय निकाय विभाग (स्क्क) की ओर से सभी निगमों को निर्देश दिया गया है कि वर्तमान में वित्तीय निर्णय लेने वाले पदों पर कार्यरत सभी रिटायर्ड कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी जाएं। साथ ही कहा गया है कि इन सलाहकारों को सलाह और सुपरवाइजरी रोल ही सौंपे जाने चाहिए। शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने सभी निगमों को ऐसे सलाहकारों का विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया है। यूएलबी ने इस बात पर जोर डाला कि इन सलाहकारों को कभी-कभी वित्तीय निर्णय और पेमेंट प्रोसेसिंग से संबंधित जिम्मेदारियां दी जाती हैं, जो सरकारी प्रोटोकॉल के अनुरूप नहीं होती हैं।



**जरूरी हो तो तभी नियुक्ति किए जाए:** परिणामस्वरूप, नगर निगम आयुक्तों को यह सुनिश्चित करना होगा कि विशेषज्ञ या सलाहकार के रूप में कार्यरत सेवानिवृत्त कर्मियों को केवल अति आवश्यक स्थितियों के लिए ही नियुक्त किया जाए, जहां वे सलाहकार या पर्यवेक्षी कार्य करते हैं। उनकी भागीदारी सहयोगात्मक बनी रहनी चाहिए तथा उन्हें निगम के कर्मचारियों को वित्तीय निहितार्थ या भुगतान प्रसंस्करण वाले कार्य नहीं सौंपने चाहिए।

**अब इनके पास होंगी वित्तीय शक्तियां:** हरियाणा सरकार के आदेशों में कहा गया है, ÷यदि वर्तमान में ऐसे विशेषज्ञ, सलाहकार वित्तीय इंप्लिकेशन या पेमेंट प्रोसेसिंग से संबंधित कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं, तो उन्हें तत्काल वापस लिया जा रहा है। अब से, ये कार्य उनके पर्यवेक्षी, नियंत्रण प्राधिकरण, संबंधित संयुक्त आयुक्तों द्वारा किए जाएंगे। आदेश में कहा गया है, ÷सभी संबंधित विभागों को उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने और तदनुसार विशेषज्ञों, सलाहकारों की भूमिका निर्धारित करने का निर्देश दिया जाता है।÷

**कुछ विभागों के पास ही वित्तीय अधिकार:** आदेश में कहा गया है, निर्देश से किसी भी तरह का विचलन पूर्व अनुमोदन के लिए सक्षम प्राधिकारी के संज्ञान में लाया जाना चाहिए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और निगम के नियमों और नीतियों के अनुसार विशेषज्ञों, सलाहकारों को पहले से सौंपी गई वित्तीय शक्तियां वापस ले ली गई हैं। इस बीच, एक सलाहकार ने कहा कि सभी सलाहकारों के पास वित्तीय अधिकार नहीं हैं। सलाहकार ने कहा कि सलाहकारों की वित्तीय शक्तियां तत्काल प्रभाव से वापस ले ली गई हैं। कुछ विभागों में सलाहकारों के पास वित्तीय अधिकार थे। हालांकि, सभी सलाहकारों के पास वित्तीय अधिकार नहीं थे।

## 12 जी सरकारी स्कूल के 34 विद्यार्थियों को गर्म जर्सियां वितरण की



जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** कस्बे के निकट 12जी छोटी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के जरूरतमंद विद्यार्थियों को बुधवार को भामाशाह मोहनलाल मदान ,प्रदीप बत्रा एडवोकेट अध्यापक जगनंदन सिंह, महेंद्र परवाना ने सर्दी को देखते हुए 34 विद्यार्थियों को गम जर्सीया वितरण की गई इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमरजीत सिंह, टीचर मनजीत कौर रमनदीप कौर पारुल शर्मा कमलजीत कौर सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा प्रधानाचार्य अमरजीत सिंह ने भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।

# शिक्षक संघ सियाराम का प्रदेश सम्मेलन सम्पन्न

## प्रवीण गौड़ बने प्रदेश संगठन महामंत्री

जनमार्ग न्यूजश्व

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का प्रदेश सम्मेलन झुंझुनू में आयोजित हुआ। जिसमें प्रवीण गौड़ को प्रदेश संगठन महामंत्री निर्वाचित किया गया। संगठन के जिला महामंत्री मलकीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक राजेंद्र भाम्बू ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि किसान नेता एवं पूर्व विधायक उदयपुरवाटी शुभकरण चौधरी, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनिया, भाजपा जिला अध्यक्ष झुंझुनूं बनवारी लाल सैनी, जिला कलक्टर रामवतार मीणा, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जयसिंह मांठ थे। मुख्य वक्ता संगठन के संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा रहे। मुख्य अतिथि झाबर सिंह खर्रा ने संगठन द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की तथा बताया कि यह राजस्थान का सबसे पुराना एवं मर्यादित शिक्षक संगठन है। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा की संस्कारवान शिक्षा देना शिक्षक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है और इस कर्तव्य को आपको बखूबी निभाना है जिससे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत की जो संकल्पना दी गई है उसको यह युवा पूरा कर सकें। उन्होंने शिक्षक वर्ग की तृतीय श्रेणी अध्यापकों की स्थानांतरण संबंधी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर इस पर मजबूती के साथ पैरवी करने की बात कही। अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक राजेंद्र भाम्बू ने कहा कि मैं सदैव आपकेजैसे महत्वपूर्ण कार्य जो कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है इसे आप जिम्मेदारी के साथ निभाए। मुझे खुशी है कि आपका संगठन मोदी जी के पंच पर्ण कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा। जिला कलक्टर ने कहा की शिक्षक वर्ग में वह ऊर्जा है कि उन्हें कोई भी कार्य दे दिया जाता है तो उस जिम्मेदारी के साथ पूरा करते हैं। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर शिक्षकों की संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। विश्वभर पूनिया द्वारा बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देने पर शिक्षकों से संवाद किया गया एवं बच्चों को मोबाइल से दूर रखें इस विषय पर शिक्षकों के साथ चर्चा की। संगठन महामंत्री रामदयाल मीणा द्वारा संगठन वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने भी शिक्षकों को संबोधित किया। अंत में संगठन के प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने आए हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया एवं सभी शिक्षकों को अपने मांगों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी ध्यान दिलाया। उन्होंने आए हुए मेहमानों से समस्त मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया। प्रवीण गौड़ ने बताया कि सम्मेलन में राजस्थान के सभी जिलों से हजारों की संख्या में शिक्षक भाग ले रहे हैं और इन दो दिनों में शिक्षा, शिक्षक एवं शिक्षार्थी पर मंथन किया एवं नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत चर्चा की। मंच संचालन राजकुमार मंड व नवीन शर्मा द्वारा किया गया।



# मोहर सिंह सलावद का हुआ सम्मान



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतीगढ़ में कार्यरत वरिष्ट अध्यापक मोहर सिंह सलावद के लगातार पांचवी बार शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने व 2012 से लगातार बोर्ड परीक्षाओं का शत प्रतिशत परिणाम देने पर शाला प्राचार्य सीमा मैथिल,शिक्षक जयसिंह राठौड़,ऊषा चौहान, संतोष जनागल,भंवर सिंह भाटी, भजन लाल,मनमोहन आसेरी,रीना प्रजापत सहित सभी स्टाफ द्वारा माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष सलावद ने कहा कि में राज्य भर में कार्यरत प्रबोधक से लेकर प्राचार्य तक के शिक्षको की मांगो के लिए हमेशा तैयार रहूंगा। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पूगल मुकेश कुमार ने भी दूरभाष पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। मोहर सिंह सलावद उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षा विभाग से तीन बार ब्लॉक स्तरीय दो बार जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान सहित उपखंड अधिकारियों द्वारा सम्मानित हो चुके है।

# सरपंचों का कार्यकाल बढ़ा, सरपंच बने प्रशासक

**हनुमानगढ़।** सरकार द्वारा सरपंचों के कार्यकाल को बढ़ाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इस फैसले के तहत सरपंचों को उनके क्षेत्र का प्रशासक भी बनाया गया है। इस घोषणा के बाद पूरे राज्य में सरपंचों और ग्राम पंचायतों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष चौधरी नरेंद्र सहारण के नेतृत्व में सरपंचों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए जश्न मनाया।

हनुमानगढ़ में आयोजित सरपंच संघ की बैठक में जिलाध्यक्ष चौधरी नरेन्द्र सहारण ने इस फैसले को ऐतिहासिक और सरपंचों के अधिकारों को मजबूत करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से ग्राम पंचायतों का प्रशासन और विकास कार्यों का संचालन अधिक सुचारु रूप से हो सकेगा। अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री और इस निर्णय में सहयोग करने वाले मंत्रियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कदम गांवों की प्रगति और सरपंचों की भूमिका को और सशक्त बनाएगा।

अध्यक्ष सहारण ने बताया कि सरकार के इस निर्णय के बाद सरपंच संघ जल्द ही जयपुर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित उन सभी मंत्रियों का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने इस निर्णय को साकार करने में योगदान दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस सम्मान समारोह में प्रदेशभर के सरपंच भाग लेंगे और इसे एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में मनाया जाएगा।

सरपंच सुनील क्रांति ने कहा कि कार्यकाल बढ़ाए जाने और प्रशासक के रूप में जिम्मेदारी मिलने से ग्रामीण विकास के लंबित कार्यों को पूरा करने का अवसर मिलेगा। कई सरपंचों ने इस फैसले को लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती प्रदान करने वाला बताया।

सरपंच रोहित स्वामी ने कहा कि सरकार ने यह निर्णय लेकर ग्रामीण विकास और ग्राम पंचायतों के महत्व को समझा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरपंच संघ इस निर्णय के लिए सरकार का विश्वास बनाए रखने हेतु हर संभव प्रयास करेगा। सरकार के इस फैसले से ग्रामीण स्तर पर विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। सरपंच संघ का यह निर्णय जयपुर में होने वाले सम्मान समारोह को लेकर और भी उत्साहवर्धक हो गया है।

# शहर के साथ चिपती ग्रामीण क्षेत्र की कॉलोनियों का परिसीमन कर नगर परिषद में शामिल करने जिला कलक्टर व अति. जिला कलक्टर को किया सम्मानित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भगत सिंह सेना श्रीगंगानगर के अध्यक्ष नवीन डाबला ने शहर के साथ चिपती हुई ग्रामीण क्षेत्र की ककॉलोनियों का परिसीमन कर नगर परिषद में शामिल करने पर जिला कलक्टर व अति. जिला कलक्टर को गुलदस्ता भेंट कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।



भगत सिंह सेना के प्रमुख नवीन भगत ने बताया कि भगत सिंह सेना लम्बे समय से 1 बी छोटी की बसंत विहार कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी, दुर्गा विहार कॉलोनी व अन्य कई कॉलोनियां जो नगर विकास न्यास से अप्रूवड कॉलोनिया हैं तथा शहर के साथ चिपती हुई हैं। को नगर परिषद में शामिल करने की माँग करती आ रही थी ताकि यहां के निवासी जो गंदे पानी की निकासी, बिजली, सड?, शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं उन्हें इन समस्याओं से निजात मिले। जिला कलक्टर द्वारा भगत सिंह सेना की माँग पर सकारात्मक कार्यवाही करते हुए न केवल उक्त कॉलोनियों को बल्कि शहरी सीमा के साथ चिपती अन्य ग्रामीण क्षेत्र की कॉलोनियों को भी नगर परिषद के अधीनस्थ शामिल कर इन कॉलोनियों के निवासियों को राहत प्रदान की है। उन्होंने इस संघर्ष को सफल बनाने में सहयोग करने वाले भगत सिंह सेना के साथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वस्त किया कि भविष्य में भी भगत सिंह सेना इसी तरह से आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष करती रहेगी।

नवीन भगत ने उक्त आंदोलन को प्रमुखता से अपने समाचार-पत्रों में स्थान देने के लिए शहर के प्रिंट मीडिया का भी आभार व्यक्त किया है।

# नशामुक्त गंगानगर के लिए प्रशासन की तरफ से साइकिल रैली

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** नशा मुक्त राजस्थान अभियान के तहत जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नशा मुक्त गंगानगर के लिए प्रशासन की तरफ से साइकिल रैली का आयोजन किया गया।सेठ रामदयाल राठी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित साइकिल रैली समारोह में मुख्य अतिथि विधायक डूंगर राम गेदर, नशा मुक्ति अभियान के प्रभारी गंगानगर यूआईटी सचिव सीनियर आर ए एस अशोक असीजा, राजस्व तहसीलदार कुलदीप सिंह, अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, प्रधानाचार्य पुष्कर लाल खत्री, कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र प्रताप सिंह, कनिष्ठ अभियंता संदीप कालवा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। शारीरिक शिक्षक संजीव भारद्वाज की देखरेख में नशा मुक्ति के खिलाफ जन जागरूकता के नारे लगाते हुए राठी स्कूल से रवाना हुई साइकिल रैली शहर के मुख्य बाजार से होते हुए गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, महाराजा सिनेमा, न्यायालय, बिश्नोई मंदिर, व्हाइट हाउस, भग्गुवाला कुआं, भगत सिंह चौक से महाराणा प्रताप चौक होते हुए राठी स्कूल में समापन किया गया। रैली में नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए यातायात प्रभारी मूल सिंह शेखावत साइकिल लेकर यात्रा में शामिल होकर नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बनाने में टीम सहित साथ रहे। इस अवसर पर व्याख्याता विशाल डोडा, सांसी समाज के अध्यक्ष रामचंद्र हिम्मतिया, पूर्व पार्षद सुरेंद्र टाक, समाजसेवी दिलीप घोड़ेला, नगर पालिका स्टोर प्रभारी जीतराम झोरड़, सुरेंद्र कुमार सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# मारवाड़ी युवा मंच नारी चेतना शाखा ने बीमार व घायल निराश्रित पशुओं के इलाज के लिए दवाइयां भेंट की

## जीव दया प्रकल्प के तहत किया सेवा कार्य

**श्रीगंगानगर।** मारवाड़ी युवा मंच नारी चेतना शाखा श्रीगंगानगर द्वारा अत्याधिक सर्दी से बीमार तथा धुंध-कोहरे के कारण वाहनों से टकराकर चोटिल हुए निराश्रित पशुओं के ईलाज के लिए आवश्यक दवाईयां भेंट की गई हैं। अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि जीव दया प्रकल्प के तहत नारी चेतना शाखा द्वारा सेव एनिमल टीम सदस्यों को बेसहारा जानवरों के निःशुल्क ईलाज के लिए प्राथमिक चिकित्सा किट सहित उपयोगी दवाईयां प्रदान की गई, ताकि बीमार व घायल निराश्रित पशुओं का उचित ईलाज हो सके तथा उनका जीवन बच सके। इस मौके पर सभी सदस्यों ने वाहन चालकों से सड? दुर्घटनाओं से बचाव के लिए वाहन सावधानीपूर्वक चलाने का आह्वान किया। सेव एनिमल टीम सदस्यों ने मारवाड़ी युवा मंच नारी चेतना शाखा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए साधुवाद दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल एडवोकेट, सचिव पलक बंसल, कोषाध्यक्ष शर्मिला माहेश्वरी, प्रोजेक्ट प्रभारी नेहा बिड़ला व पूजा मित्तल, सदस्यगण संजू गुप्ता, श्वेता सिंगल, कृष्णा गुप्ता, बबीता लखोटिया, एकता मालपानी सहित मारवाड़ी युवा मंच नारी चेतना शाखा तथा सेव एनिमल टीम पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।




# लातेहार में पेड़ से टकराई बोलेरो, दो की मौत

## शादी समारोह से लौटते वक्त हुआ हादसा, 3 गंभीर रूप से घायल; रिम्स रेफर

**लातेहार ( जनमार्ग न्यूज )।** झारखंड के लातेहार जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा महुआडांड थाना क्षेत्र के रेंगाई गांव के सुग्गी मोड़ पर बुधवार की देर रात को हुआ। दुर्घटना बोलेरो के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से हुई। बोलेरो सवार सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे।

**दो की मौके पर हुई मौत**

दुर्घटना में नवीन टोप्पो (पिता जोनसन टोप्पो) और वाल्टर कुजूर (पिता कमिल कुजूर) की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल हुए तीन युवकों में अर्जुन केरकट्टा, अशित और जेम्स टोप्पो शामिल हैं। सभी पीड़ित महुआडांड थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

**घायलों को रिम्स किया गया रेफर**

स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल महुआडांड स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉ. अमित खलखो ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। घायल युवकों को सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। महुआडांड पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त कर थाने में ले जाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अखण्ड राम नाम संकीर्तन व अटूट भंडारे के निमंत्रण पत्रों का विमोचन

❑ घर-घर वितरण किया जा रहे हैं निमंत्रण पत्र ❑ पूरे इलाके को खुला निमंत्रण

**श्रीगंगानगर।** सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी मंदिर में 6 फरवरी से 10 फरवरी तक होने वाले अखंड राम नाम संकीर्तन व अटूट भंडारे के निमंत्रण पत्रों का विमोचन हुआ। विमोचन के बाद इन निमंत्रण पत्रों को घर-घर वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ-साथ निमंत्रण पत्र लोग अपने रिश्तेदारों को भी भेज रहे हैं।



सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी भजन मंडल के मुख्य सेवादार प्रेम अग्रवाल ने बताया कि अखंड राम नाम संकीर्तन 6 फरवरी को शुरू होगा एवं 10 फरवरी शाम तक लगातार चलेगा। पहले दिन विशाल ध्वज यात्रा होगी, जो की अग्रसेन चौक से रवाना होकर शहर के मुख्य मार्ग से होती हुई मंदिर पहुंचेगी एवं इसी के साथ अखंड राम नाम संकीर्तन व अटूट भंडारा शुरू हो जाएगा। अखंड राम नाम संकीर्तन मंदिर परिसर में एवं भंडारा मंदिर की श्री बालाजी बगीची के विशाल प्रांगण में होगा। इसके साथ-साथ सिद्ध पीठ से झांकी वाले बालाजी मंदिर से गौशाला तक लाल झंडियों से विशेष सजावट की जाएगी। इसके लिए सेवादार दिन-रात जुटे हुए हैं। मंडल सेवादार नरेश अरोड़ा, श्रीमती अंजू अरोड़ा, रेनू वर्मा एडवोकेट सहित कई सदस्यों के नेतृत्व में सभी वार्डों में कार्यकर्ता घर-घर निमंत्रण पत्र दे रहे हैं। मंडल सेवादार घनश्याम छींपा के नेतृत्व में मंडल सदस्यों के घरों के बाहर फ्लेक्स लगवा कर प्रसार प्रसार करने का कार्य भी जारी है।

# राजकीय स्कूल का वार्षिकोत्सव 'उमंग-4' 25 जनवरी को

**श्रीगंगानगर।** 3 ई छोटी, गली नं. 07 में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह 'उमंग-4' शनिवार 25 जनवरी को आयोजित किया जायेगा, जिसकी तैयारियां विद्यालय स्टाफ द्वारा की जा रही है। यह वार्षिकोत्सव राजकीय स्कूल प्रांगण में वार्षिकोत्सव समारोह 'उमंग-4' शनिवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर भामाशाहों व पूर्व छात्र परिषद का मान सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी व शाला स्टाफ व एसएमसी, एसडीएमसी सदस्यों द्वारा सुबह 10.15 बजे होगा। मुख्य अतिथि विधायक जयदीप बिहाणी व कार्यक्रम अध्यक्ष सरपंच सुनीता सिगड होगी।

## भारत विकास परिषद् महिला प्रगति शाखा ने श्री गौशाला में गुड़ एवं हरे चारे की सेवा दी

**श्रीगंगानगर।** भारत विकास परिषद महिला प्रगति शाखा द्वारा सुखाड़िया सर्कल स्थित श्री गौशाला में गायों के लिए गुड़ एवं हरा चारा खिलाया गया और पक्षियों के लिए बाजारा डाला गया।इस अवसर पर संरक्षक मंजू गर्ग, अध्यक्ष ममता अरोड़ा, सचिव शिवानी गोयल, मीना झूंथरा, पूजा रानी,भारती रानी एवं सविता सिंह आदि सदस्य मौजूद रहे। गौ माता की सेवा से घर में सुख-समृद्धि आती है एवं मन को शांति मिलती है। गौमाता में तैंतीस करोड़ देवी-देवता का वास माना गया है। सभी सदस्यों द्वारा गौशाला में भजन गाए गए।

# 9 साल के ओम की हत्या का खुलासा नहीं

## गोड्डा में परिजनों ने निकाला कैंडल मार्च, 11 जनवरी को मिली थी लाश

जनमार्ग न्यूज

**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा जिले में 9 वर्षीय मासूम ओम कुमार की हत्या का मामला अभी भी अनसुलझा है। बुधवार को न्याय की मांग को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकाला। मृतक के पिता रंजित दास के नेतृत्व में एसबीआई शाखा से शुरू हुआ मार्च पथरगामा अस्पताल रोड होते हुए बीएसएनएल टावर चौक तक पहुंचा। बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर न्याय की मांग की। पुलिस द्वारा अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी न होने से परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, पुलिस का कहना है कि वह हर बिंदु पर जांच कर रही है। पथरगामा थाना क्षेत्र के द्वारिकाचक गांव निवासी रंजित दास उर्फ कटकून दास का बेटा ओम 11 जनवरी को अपने घर के बाहर से रहस्यमय तरीके से गायब हो गया था। परिवार की तलाश के बाद उसका शव एक तालाब में मिला। मन्नतों के बाद जन्मे ओम की मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। मां अभी भी रोते हुए उसे दूध पीने के लिए पुकारती है। पिता कटकून दास का कहना है कि उनके मासूम बेटे ने किसी का क्या बिगाड़ा था जो उसकी जान ले ली गई। उन्होंने कहा कि हत्यारे ने घर का चिराग ही बुझा दिया।


**कार्यालय नगरपालिका केसरीसिंहपूर, जिला श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नपाके / भूमि / 2024-25 / 4026-4028 दिनांक : 21.01.2025

**आपति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय भूखण्ड 53 साईज 16×53 गज यानि साईज 32×106 वर्गफुट, हरीजन कॉलोनी फरीदसर जो कि पालिका रिकार्ड में श्री बुधराम पुत्र श्री रूपाराम, मेघवाल, निवासी केसरीसिंहपुर, तहसील श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर (राजस्थान) के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण-पत्र के आधार पर श्री बुधराम पुत्र श्री रूपाराम की मृत्यु दिनांक 22.12.2021 को हो चुकी है 7 मुताबिक तस्दीक सदस्य प्रमाण-पत्र, अध्यक्ष महोदया, नगरपालिका केसरीसिंहपुर द्वारा जारी क्रमांक 249 दिनांक 13.06.2022 के आधार पर इनके निम्नलिखित सदस्य है :-

1. नत्थी देवी (पत्नी) (जीवित) 2. पन्ना लाल (पुत्र) (जीवित) 3. प्रेम कुमार (पुत्र) (जीवित)
4. चंपा देवी (पुत्री) (जीवित)

श्री प्रेम कुमार पुत्र श्री बुधराम, जाति मेघवाल निवासी केसरीसिंहपुर, तहसील श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर (राजस्थान) के शपथ पत्र मय हलफनामा, अध्यक्ष महोदया, नगरपालिका केसरीसिंहपुर द्वारा जारी क्रमांक 249 दिनांक 13.06.2022 की प्रति, श्री बुधराम पुत्र श्री रूपाराम के मृत्यु प्रमाण-पत्र की प्रति व अन्य दस्तावेज प्रार्थना-पत्र के साथ सलंग्न कर प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त आवासीय भूखण्ड का विरास्तन ईन्तकाल पालिका रिकार्ड में उक्त सदस्यों के नाम से दर्ज करवाने हेतू आवेदन किया है।

अतः इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रकाशन के 07 दिवसीय के अन्दर अन्दर मय सबूत के अपनी आपति मय रिकार्ड प्रस्तुत कर सकता है । अन्यथा बाद में मियाद गुजरने पर उक्त वरिसानों के नाम नगरपालिका रजिस्टर में नामान्तरण दर्ज कर दिया जावेगा। सूचित रहे ।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका केसरीसिंहपुर**

# राजस्थान में मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन की संपूर्ण प्रक्रिया विभागीय स्तर पर

❑ पोस्ट ऑक्शन फेसिलिटेशन सेल द्वारा समन्वय व सहयोग : टी. रविकान्त ❑ प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने राजस्थान की प्रक्रिया व बेस्ट प्रेक्टिसेज की साझा ❑ अन्य प्रदेशों में थर्ड पार्टी द्वारा ऑक्शन प्रक्रिया

**जयपुर।** राजस्थान के माइंस एवं भूविज्ञान विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकान्त ने बताया है कि राजस्थान संभवतः देश का इकलोता प्रदेश है जहां ब्लॉक डेलिनियेशन से लेकर मेजर व माइनर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन की संपूर्ण प्रक्रिया विभाग द्वारा स्वयं की जाती है। देश के अन्य खनिज संपदा संपन्न प्रदेशों में आउट सोर्सिंग के माध्यम से थर्ड पार्टी द्वारा ऑक्षन डाक्यूमेंट तैयार करने से लेकर ऑक्शन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में मिनरल्स के ऑक्शन के बाद भी मार्गदर्शन व आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पोस्ट ऑक्शन फेसिलिटेशन सेल स्थापित किया गया है।

प्रमुख सचिव श्री टी. रविकान्त मंगलवार को ओडिशा के कोणार्क में केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल माइंस मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन राजस्थान की ऑक्शन प्रक्रिया व बेस्ट प्रेक्टिसेज साझा कर रहे थे। मेजर और माइनर मिनरल्स के लिए विभाग के अलग अलग वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट के गठन के बाद से एक्सप्लोरेशन, सेंपल विश्लेषण, डेलिनियेशन और ऑक्षन के लिए ब्लॉक व प्लॉट तैयार करने के काम में तेजी आई है। राज्य सरकार द्वारा आरएसएमईटी की कार्यकारी समिति की नियमित बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य को गति दी जा रही है।

श्री रविकान्त ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जो स्वयं खान मंत्री भी है के नेतृत्व में विभाग द्वारा जीरो टॉलरेंस-जीरो लॉस नीति पर कार्य किया जा रहा है। वैध खनन को ब?ावा देने के लिए ऑक्शन प्रक्रिया का रोडमेप बनाकर आगे ब?ा जा रहा है। यही कारण है कि राजस्थान मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन में एक साल में ही समूचे देश में पहले पायदान पर आ गया है।

प्रमुख सचिव श्री टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य में ऑनलाईन मैनेजमेंट सिस्टम को मजबूत बनाया जा रहा है। पिछले दिनों ही नई खनिज नीति व एम-सेंड नीति जारी करने के साथ ही नियम जारी करते हुए प्रक्रिया को आसान व राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना में सहायता के प्रावधान किये गये हैं। यही कारण है कि राजस्थान में आयोजित राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट में एक लाख 83 हजार से अधिक के निवेश प्रस्ताव हस्ताक्षरित हुए हैं। स्वयं प्रमुख सचिव स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों से सीधा संवाद कायम किया जाता है जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे हैं। प्रदेश में वार्षिक कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के साथ ही मोनेटरिंग सिस्टम को चाक चोबंद किया गया है। एसएमई श्री प्रताप मीणा व एसजी श्री संजय दुबे को मेजर मिनरल व श्री केसी गोयल व श्री सुशील हुडा को माइनर मिनरल में पोस्ट ऑक्शन फेसिलिटेशन सेल बनाया गया है और इस सेल के प्रयासों से टीओआर में लगने वाला समय आधा रह गया है तो पर्यावरण स्वीकृति के कार्य में ईडीएस व एडीएस जेनरेशन के समय में कमी आई है।




गौरतलब है कि नेशनल माइंस मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस के पहले दिन राजस्थान को समूचे देश में माइनिंग सेक्टर का पहला पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। दो दिवसीय नेशनल कान्फ्रेन्स में निदेशक माइंस श्री भगवती प्रसाद कलाल, अतिरिक्त निदेशक श्री एस एन डोडिया, एस एम ई विजिलेंस श्री प्रताप मीणा भी हिस्सा ले रहे हैं।

## सागरताल की 15 साल की किशोरी को जापानी इंसेफेलाइटिस की पुष्टि

जनमार्ग न्यूज

**ग्वालियर।** शहर में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) ने दस्तक दे दी है। सागर ताल के पास सरकारी मल्टी में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी को जेई की पुष्टि हुई है। यह ग्वालियर में इस बीमारी का पहला मामला है। किशोरी को तेज बुखार, सिर दर्द और उल्टी की समस्या से पीड़ित होने पर न्यू जेएएच में भर्ती कराया गया था।

डॉक्टरों ने जांच के बाद जेई की पुष्टि की। फिलहाल मरीज की हालत में सुधार है, लेकिन पूरे क्षेत्र में अलर्ट जारी किया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह वायरस एक से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है। किशोरी को तेज बुखार और उल्टी की शिकायत होने पर नजदीकी डॉक्टर से इलाज कराया, लेकिन हालत सुधरने की बजाय उसके हाथों ने काम करना बंद कर दिया और वह कोमा में चली गई। डॉ. विजय गर्ग ने बताया कि किशोरी को गंभीर स्थिति में न्यू जेएएच लाया गया था। सैंपल की जांच के बाद जेई की पुष्टि हुई। समय पर इलाज मिलने से मरीज कोमा से बाहर आ चुकी है और अब उसकी हालत स्थिर है।

## अनजानी मौतों का कड़वा सच: 15 मिनट की दूरी पर था घर, मौत के छह माह बाद मिली सूचना

जनमार्ग न्यूज

**इंदौर।** दुर्घटना के शिकार लोगों के मामले में पुलिस की पूरी गाइड लाइन है, लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका पालन नहीं होता। सबसे पहले पुलिस घायल व्यक्ति के बयान लेती है और उसी की जिम्मेदारी होती है परिवार को सूचित करना, जबकि जितने भी मामले सामने आए उसमे पुलिस ने समय पर कोई एक्शन नहीं लिया। इंदौर के एक मामले में बुजुर्ग का घर एमवाय अस्पताल से महज 15 मिनट की दूरी पर था, लेकिन उनकी मृत्यु के छह माह बाद पुलिस खबर देने उनके घर पहुंच पाई। पालदा निवासी 85 वर्षीय बुजुर्ग बाबूलाल शर्मा हर अमावस व पूर्णिमा पर मोपेड से दो दिन के लिए महेश्वर जाते थे। 16 जनवरी 2024 को भी वे गए, लेकिन वापस नहीं लौटे तो बेटे राकेश ने गुमशुदगी दर्ज कराई। परिजन छह महीने तक उन्हें ढूंढते रहे लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। अचानक एक दिन पुलिस घर पहुंची तो पता चला पिता महू के पास सड़क किनारे घायल अवस्था में 15 जनवरी को ही एंबुलेंस 108 को मिले थे। उनकी गोपेड भी वहीं थी। एंबुलेंस वालों ने मोपेड और घायल को महू के मध्यभारत अस्पताल पहुंचाया। वहां से एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। वे ठीक से बोल नहीं पा रहे थे और इलाज के दौरान 4 फरवरी को उनकी मौत हो गई। छह महीने तक उनकी मोपेड अस्पताल में ही खड़ी रही। बाद में डॉक्टर ने पुलिस को सूचना दी और फिर पुलिस परिजन तक पहुंची। इस बीच किसी ने भी मोपेड़ के नंबर आदि से शिनाख्त करने या परिजन तक पहुंचने की कोशिश नहीं की। कर्नाटक के धारवाड़ की 55 वर्षीय रंजनारामचंद्र महंत तीर्थ यात्रा पर निकली थी। आठ माह बाद बेटे राजू को सोशल मीडिया पर सुल्ताने इंदौर एकता सेवा समिति के वीडियो में मां की मृत्यु की खबर मिली। बेटा पहुंचा तब तक अस्थियां भी विसर्जित हो चुकी थीं। दुर्घटना के बाद उन्हें एमवाय में भर्ती कराया था, जहां मौत हुई। प्रयागराज की सुधा राधा दिसंबर 2024 को महाकाल दर्शन के लिए निकली थीं। बेटे शिवा को रेलवे पुलिस के कॉल से पता लगा कि मां उज्जैन में हादसे की शिकार हुई। खबर से शिवा को ब्रेन हेमरेज हुआ व मौत हो गई। परिजन को अफसोस रहा, समय पर खबर मिल जाती तो यह नौबत नहीं आती। सुल्ताने एकता समिति के अध्यक्ष करीम पठान, जयदीप, फिरोज बताते हैं, घायलों के परिजन को सूचना देने का सिस्टम नहीं है। हमें तब सूचना दी जाती है जब अंतिम संस्कार कराना होता है। जो भी परिजन आते हैं, एक ही शिकायत करते हैं कि काश उन्हें पहले खबर कर दी जाती।

## एमपी के सबसे बड़े फ्लाईओवर का नाम अब अंबेडकर ब्रिज

भोपाल में 2.73 किमी लंबे ब्रिज से गुजरेगा एमपी नगर का 60प्रतिशत ट्रैफिक; 25 मिनट बचेंगे

जनमार्ग न्यूज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सबसे लंबे 2.73 किमी के फ्लाईओवर पर गुरुवार को ट्रैफिक शुरू हो गया। भोपाल के गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर तक बने इस ब्रिज का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। उन्होंने इसका नाम जी-जी ब्रिज से बदलकर अंबेडकर ब्रिज भी कर दिया। वहीं, पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा, ये एमपी का अब तक का सबसे लंबा फ्लाईओवर है। सीएम डॉ. मोहन का काफिला मैदा मिल वाले आर्म से ब्रिज पर चड़ा और डीबी मॉल के सामने से टर्न लेकर भोपाल हाट वाले आर्म पर उतरा। सीएम खुली जीप में सवार थे। इस ब्रिज से एमपी नगर का 60 प्रतिशत ट्रैफिक यानी 6 हजार गाड़ियां हर दिन गुजरेंगी। करीब पौने 3 किमी दूरी तय करने में अब 5 मिनट का समय लगेगा। पहले सड़क मार्ग पर दो ट्रैफिक सिग्नल और चौराहों पर जाम की वजह से ये दूरी तय करने में 30 मिनट से अधिक लग जाते थे।



## मोहन नामदेव का ऑल इंडिया सलेक्शन

जनमार्ग न्यूज



**नागौर।** मोहन पुत्र नेमीचंद दर्जी जोधियासी नागौर का ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल में सलेक्शन हुआ इस मौके पर कोच विजेश बंजारा ने बताया कि मोहन का ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल में सलेक्शन बहुत ही खुशी की बात है आगे जाकर इनको बहुत ही बड़ा फायदा होगा इसी मौके पर मोहन और संजय के बड़े भाई मनीष कुमार दर्जी ने बताया कि मोहन पहले से ही स्टेट लेवल पर कई बार चैंपियन जिला लेवल पर पहले चैंपियन रह चुका है। विद्यालय एवं कॉलेज समस्त गुरुजनो का आभार व्यक्त किया इसी मौके पर मोहन के पितानेमीचंद ने और उनके ताऊश्री रूपचंद ने और रामेश्वर लाल बड़े भाई कंवारीलाल सांवरी लाल किशन ने। आभार व्यक्त किया। इसी मौके पर समस्त ग्राम वासियों में खुशी की लहर छाई।

## वार्ड 17 में बड़ी चोरी की घटनाएं, वार्डवासियों ने थाने में दिया ज्ञापन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** वार्ड 17 में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर वार्डवासियों में आक्रोश व्याप्त है। पिछले तीन दिनों में वार्ड में हुई छह चोरियों से परेशान वार्डवासियों ने जंक्शन थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चोरियों के दोषियों को जल्द पकड़ने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि सागर गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि इन तीन दिनों के भीतर वार्ड से दो मोटरसाइकिल, तीन सिलेंडर, एक घर और एक दुकान में लाखों रुपये की चोरी की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और वार्डवासी भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। वार्डवासियों ने ज्ञापन में पुलिस प्रशासन से मांग की है कि वार्ड में नियमित गश्त ब?ाई जाए और चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस जल्द ही कार्रवाई नहीं करती है, तो वे विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। थानाधिकारी ने वार्डवासियों को आश्वासन दिया कि पुलिस जल्द ही चोरों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास करेगी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। चोरी की इन घटनाओं ने स्थानीय निवासियों के बीच असुरक्षा की भावना को बढ़ा दिया है। वार्डवासी अब पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं ताकि वार्ड में फिर से शांति और सुरक्षा का माहौल बहाल हो सके।इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि निरंजन नायक, गौतम स्वामी, मान सिंह तंवर, हरीराम भाटी, मोहनलाल, हरीश कुमार सहित अन्य वार्डवासी मौजूद थे।

## संस्कृति का बदलता स्वरूप और एआई की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 25 को

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** राजकीय महाविद्यालय रावतसर, द्वारा 25 जनवरी को संस्कृति का बदलता स्वरूप और एआई की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा । एआई वर्तमान में बहुत ही ज्वलंत विषय है। जिसमें मनुष्य की व्यक्तिगत सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. पूनम सोनी करेंगी तथा संयोजक सुरेन्द्र कुमार शर्मा, सहसंयोजक डॉ. विनोद खुड़ीवाल, आयोजन सचिव राजकीय एन एम पीजी कालेज के भौतिक शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुभाष सोनी और समाज शास्त्र विभाग की सहायक आचार्या डॉ. अर्चना गोदारा हैं। । प्राचार्य डॉ. पूनम सोनी के अनुसार इस संगोष्ठी में देश के लगभग पांच सौ शोधार्थी व प्रोफेसर भाग लेंगे । जो भारतीय संस्कृति एवं एआई पर अपने शोध पत्रों का वाचन करेंगे। संस्कृति के बदलते स्वरूप पर विज्ञान के प्रभाव को लेकर संभाग में पहली बार इस प्रकार की राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।



इस सेमिनार में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूभौतिकी विभाग के आचार्य प्रो भगवान सिंह चौधरी, प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय पीजी कालेज दतिया के समाज शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. वासुदेव जादौन, चौधरी बल्लूराम राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीगंगानगर के अंग्रेजी विभाग की सहायक आचार्या डॉ. विभा तिवारी और कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र कुरूक्षेत्र के हैड एंड प्रोजेक्ट कार्नीडेटर सुरेश सोनी संगोष्ठी में शोधार्थियों का विशेष मार्ग दर्शन करेंगे। इस संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के चेयरपर्सन राजकीय एन एम कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामपाल अहरोदिया तथा समापन सत्र के चेयरपर्सन एन दी बी राजकीय कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह मुनपरिया रहेंगे। क्षेत्र के विद्यार्थियों, शोधार्थीयो तथा विद्वानों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है जिसमें वे देश के विभिन्न विद्वानों के विचारों को न केवल सुनेंगे बल्कि उनसे विचार विमर्श कर अपनी जिज्ञासा को शांत करेंगे । इस प्रकार की संगोष्ठी नवीन विचारों को उत्पन्न करती है जो समाज में एक नई जिज्ञासा को लेकर आती है।

इस सेमनार के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. बी एस परमार, सुरेन्द्र कुमार पुनिया, डॉ. राजेन्द्र मेघवंशी, डॉ. विजय कुमार पटीर, डॉ संतोष राजपुरोहित, डॉ महेन्द्र सांगवान आदि अपना वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे।

# महान क्रांतिकारी, सच्चे राष्ट्रभक्त नेताजी सुभाषचन्द्र बोस

**आजाद** हिन्द फौज जैसे संगठन का गठन कर अंग्रेजी हुकूमत की जड़ों को हिलाने वाले सुभाषचन्द्र बोस महान क्रान्तिकारी व सच्चे राष्ट्रभक्त थे, जिन्होंने देशवासियों की सुषुप्त आत्माओं को आजादी के लिए जागृत किया। सुभाषचन्द्र आजाद हिन्द फौज के ऐसे नायक थे, जिन्होंने न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी, अपितु अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए विवश किया। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के व्यक्तित्व व मजबूत इरादों के कारण विदेशी शासक उनसे घबराते थे। 23 जनवरी, 1897 को प्रसिद्ध वकील जानकीनाथ बोस के घर जन्म लेने वाले सुभाष चन्द्र को बचपन से ही पठन-पाठन का शौक था तथा अध्यापकगण उन्हें बहुत प्यार करते थे। कुशाग्र बुद्धि होने के कारण उन्होंने आईसीएस उपाधि, जो कि वर्तमान में आईएएस की उपाधि के समकक्ष है, उत्तीर्ण की तथा वे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने नौकरी को त्यागकर राजनीतिक संग्राम में खुद को झोंक दिया। वे एक महान राष्ट्रवादी नेता थे, जिन्होंने ऐसे पैमाने स्थापित किए, जिन्हें कभी नहीं भुलाया जा सकता। उनके 'जय हिंद', 'दिल्ली चलो', 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा' जैसे देशभक्ति नारों ने देश में क्रांति ला दी। उनका सीना फौलादी था तथा वे तप, त्याग व समर्पण की मिसाल थे। वे स्वाभिमान के धनी, विवेकशील एवं चट्टान जैसा मजबूत इरादा रखते थे। उनमें देश पर मर-मिटने की भावना प्रबल थी। उन्होंने कहा था - 'स्वतंत्रता प्राप्त करना हमारा धर्म है।' वे उदार हृदय के थे तथा दूसरों के दुख से दुखी हो जाते थे। उन्होंने कहा था कि हमारे देश की प्रमुख समस्याएं गरीबी, अशिक्षा, बीमारी कुशल उत्पादन व वितरण सिर्फ समाजसेवी तरीके से हल की जा सकती हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के ग्रंथों का अध्ययन किया तथा विवेकानंद का संदेश कि 'दरिद्रों की सेवा भगवान की सेवा है' से प्रेरित होकर सुभाषचन्द्र बोस का झुकाव भिखारियों व साधु-सन्यासियों की तरफ हो गया तथा वे यथाशक्ति उनकी मदद करते थे। उनके अनुसार समाजसेवा व देशसेवा केवल बातों से नहीं हो सकती, इसके लिए खुद में सेवा करने लायक योग्यता एवं शक्ति होनी चाहिए। केवल चर्चा करने व उत्साह दिखाने से कोई परिणाम नहीं मिलता। सुभाषचन्द्र बोस के अनुसार 'हमारे अंदर मरने की इच्छा होनी चाहिए, ताकि भारत जी सके।' उन्होंने जाति भेद व सामाजिक रूढियों को त्यागने और धार्मिक अंधविश्वासों का उन्मूलन करने तथा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए प्रेरित किया।



नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती (23 जनवरी, 2025) पर विशेष

सुभाषचन्द्र बोस ने छोटी सी आयु में अनुभव किया कि मनुष्य जीवन केवल खाने-पीने व भोग करने के लिए नहीं, अपितु भगवान ने इस जगत में किसी आदर्श की पूर्ति के लिए भेजा है। उनके प्रेरणादायक उद्गार कि 'यदि हम मनुष्य बन सकें तो भारत जागृत हो जाएगा।' 'हम अपने आपको पहचाने, कर्तव्य का पालन करें तथा प्राप्त शक्तियों का उपयोग करें।' वे भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के उपासक व प्रशंसक थे। वे दो बार कांग्रेस पार्टी के सभापति पद पर आसीन हुए तथा अपनी अपूर्व राष्ट्रीयता का परिचय दिया। उन्होंने देश को आजाद करवाने के लिए 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की। उन्हें 'नौजवान भारत सभा' का अध्यक्ष चुना गया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि 'भारत में जब तक सुधारवादी क्रांतिकारी तत्व जागृत नहीं होंगे, हमें स्वतंत्रता नहीं मिल सकती।' उन्होंने कई देशों की यात्रायें की तथा विदेशों में बसे भारतीयों में प्राण फूंक कर 'आजाद हिंद फौज' का गठन किया, जिसने अंग्रेजी हुकूमत की जड़ों को हिलाकर रख दिया। उनके द्वारा गठित हिंद फौज विश्व के इतिहास में सबसे बड़ा संगठन था, जिसने देश की आजादी के लिए संघर्ष छेड़ा। सुभाषचन्द्र बोस बंगाल के सर्वोच्च नेता देशबंधु चितरंजन दास के प्रशंसक थे, जिन्होंने इन्हें राजनीतिक क्षेत्र में प्रेरणा दी तथा आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया।

सुभाषचन्द्र बोस कहते थे कि 'सबसे बड़ा अपराध अन्याय को सहन करना और गलत के साथ समझौता करना है। मनुष्य का जीवन इसलिए है कि वह अत्याचार को कदापि सहन न करे।' उनके राष्ट्रवाद के नारे ने लोगों में नई शक्ति का संचार किया। देश की आजादी के संग्राम में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने अनेक आंदोलनों में भाग लिया तथा कई बार जेल गए। उन्होंने जेलों की व्यवस्था पर टिप्पणी की कि 'यदि जेलों में अत्याचार और अपमान का व्यवहार बंद हो जाए, तो वहां रहना बुरा महसूस नहीं होगा।' वे नारी उत्थान, नारी जागरण, नारी स्वतंत्रता के पक्षधर थे। उनके अनुसार किसी देश की संस्कृति व सभ्यता का विकास बहुत कुछ स्त्रियों पर निर्भर करता है। उन्हें सुयोग्य बनाना, शिक्षित करना व स्वतंत्रता देकर परिवार, समाज व देश के उत्थान में आगे लाया जा सकता है। उनके अनुसार देश में सच्चे सैनिकों को आध्यात्मिक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, जिससे उन्हें कर्तव्य बोध हो तथा वे देश की रक्षा के लिए खुद बलिदान के लिए तैयार हो सकें।

नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र बोस त्याग व समर्पण की मिसाल थे। उनकी मृत्यु आज तक रहस्यमय बनी हुई है। परन्तु उनका साहस, कार्यक्षमता, कार्यशैली तथा भारत की स्वतंत्रता के लिए जुनून व दीवानापन सदियों तक देशवासियों के लिए प्रेरणादायक बना रहेगा।

**मनीराम सेतिया**
सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य
109 एल ब्लॉक, श्रीगंगानगर
मो. 98871-22040

# अग्र सेवा समिति 5 दिवसीय स्वर्णिम महोत्सव में बालाजी को 131 सवामणियों का भोग लगाएगी

## श्रद्धालुओं को किया जाएगा ड्राईफरुट, मिठाई, समोसा, पान, चॉकलेट तथा फलों का प्रसाद वितरित : किशन खारीवाल

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** अग्र सेवा समिति, युवा अग्र सेवा समिति तथा महिला अग्र सेवा समिति की संयुक्त बैठक अध्यक्ष किशन खारीवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। राजकीय चिकित्सालय के समीप स्थित होटल में हुई इस बैठक में स्थाई गौ सेवा प्रकल्प सहित समिति गतिविधियों एवं सेवा कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात् निर्णय लिया गया कि पुरानी आबादी उदाराम चौक स्थित सिद्धपीठ श्रीझांकी वाले बालाजी मंदिर के 50वें साल के उपलक्ष्य में सिद्धपीठ श्री झांकीवाले बालाजी भजन मंडल ट्रस्ट द्वारा 6 फरवरी से 10 फरवरी, 2025 तक आयोजित 'आयो उत्सव म्हारै बाबे को...' 5 दिवसीय अखण्ड राम नाम जाप एवं स्वर्णिम महोत्सव में अग्र सेवा समिति परिवार द्वारा 131 सवामणियों का बालाजी महाराज को भोग लगाया जाएगा, जिसे लेकर समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों में भारी उत्साह देखने को मिला। अध्यक्ष किशन खारीवाल ने बताया कि इस मौके पर अग्र समिति परिवार द्वारा बालाजी महाराज को ड्राईफ्रूट, मिठाई, समोसा, पान, चॉकलेट तथा फलों का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जाएगा। स्वर्णिम महोत्सव में सवामणी लगाने के लिए इच्छुक श्रद्धालु-भक्तजन अग्र समिति परिवार अध्यक्ष किशन खारीवाल से मोबाइल नम्बर 94133-76500 पर सम्पर्क कर सकते हैं। इसके साथ-साथ सिद्धपीठ श्री झांकीवाले बालाजी महाराज के स्वर्णिम महोत्सव उपलक्ष्य 6 फरवरी, बृहस्पतिवार को प्रातः 9.15 बजे अग्रसेन चौक से झांकीवाले बालाजी मंदिर तक निकलने वाली भव्य आलौकिक धर्म ध्वजा पदयात्रा में भी अग्र सेवा समिति, युवा अग्र सेवा समिति तथा महिला अग्र सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा उत्साहपूर्वक श्रद्धाभाव से शामिल होने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अंत में अध्यक्ष किशन खारीवाल ने सबका आभार व्यक्त करते हुए समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों, शहरवासियों एवं श्रद्धालु भक्तों से 6 फरवरी से 10 फरवरी, 2025 तक पुरानी आबादी उदाराम चौक स्थित सिद्धपीठ श्री झांकीवाले बालाजी मंदिर में आयोजित 'आयो उत्सव म्हारै बाबे को...' 5 दिवसीय अखण्ड राम नाम जाप एवं स्वर्णिम महोत्सव में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर किशन खारीवाल, राकेश सिंगल, अनमोल सिंगल, भावेश मित्तल, प्रिंस गोयल, रोहित अग्रवाल, नितिन खारीवाल, योगेश मंगल, दिनेश गुप्ता, रमेश बंसल, संतोष खारीवाल, लक्ष्मी बंसल, पल्लवी मंगल, रेणू खारीवाल, सुनयना अग्रवाल, किरण अग्रवाल सहित अग्र सेवा समिति, युवा अग्र सेवा समिति तथा महिला अग्र सेवा समिति, श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# गोदारा कॉलेज ग्राउंड पर नशा मुक्त शपथ कार्यक्रम का आयोजन




जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** गोदारा कॉलेज ग्राउंड पर आज विभिन्न स्कूलों के हजारों बच्चों ने नशा मुक्त गंगानगर बनाने के संकल्प के साथ एकजुट होकर प्रेरणादायक कदम उठाया। इस अभियान का नेतृत्व जिला कलेक्टर डॉ. मंजू और जिला पुलिस अधीक्षक डीआईजी श्री गौरव यादव कर रहे हैं। इस आयोजन में बड़ी संख्या में शारीरिक शिक्षकों ने भी भाग लिया, जो बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे थे। ऑपरेशन सीमा के सहप्रभारी विक्रम ज्याणी ने उपस्थित बच्चों और शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, नशा सिर्फ शरीर को ही नहीं, बल्कि हमारे सपनों और समाज को भी बर्बाद करता है। यह हमें हैवान बना रहा है हमें आज और अभी 'से नो टू ड्रग्स' का प्रण लेना होगा और इसे अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाना होगा। ओर अपने परिवार और दोस्तों को भी नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करें। नशा जीवन का ही नहीं, जीवन के सपनों का दुश्मन है। स्वस्थ युवा, सशक्त भारत।आओ, नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। और सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया। सभी बच्चों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे नशे के किसी भी रूप को अपने जीवन में स्थान नहीं देंगे और इसके खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे। शपथ में बच्चों ने कहाः हम नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लेते हैं। हम अपने समाज, अपने परिवार और अपने जीवन को सुरक्षित और खुशहाल बनाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना। बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना। नशा विरोधी अभियान को स्कूल स्तर पर मजबूत करना। इस आयोजन ने बच्चों और शिक्षकों के मन में नशा मुक्त भारत का सपना रोपित किया और यह संदेश दिया कि एक छोटा कदम नशे के खिलाफ, एक बड़ा कदम भविष्य की ओर। कार्यक्रम का समापन सभी बच्चों और शिक्षकों द्वारा नशा मुक्त भारत के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिज्ञा के साथ हुआ। इस आयोजन ने समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया और बच्चों के उज्जवल भविष्य के प्रति उम्मीदें जगाई।

# बार एसोसिएशन बैठक में नये कोर्ट कैम्पस परिसर मे अधिवक्ता चेंबर बनाये जाने की मांग



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** बुधवार को बार एसोसिएशन श्री गंगानगर की कार्यकारिणी की प्रथम बैठक बार एसोसिएशन भवन में एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट जसवंत सिंह भादू की अध्यक्षता मे आहूत की गई। प्रेस सचिव एडवोकेट सुमेश शर्मा ने बताया की इस बैठक मे उपाध्यक्ष एडवोकेटविनोद सिवर, सचिव एडवोकेट अशोक कुमार सैनी के द्वारा बैठक की अगुवानी की गई। बैठक को प्रारंभ करते हुए सचिव अशोक कुमार सैनी के द्वारा नये कोर्ट केंपस् मे अधिवक्ता चेंबर बनाने के मुद्दे की वर्तमान स्थिति को सदन मे रखा। जिस पर आगामी रणनीति पर विचार विमर्श करते हुए जिस पर सभी ने सहमति दर्ज कराते हुए हर कदम पर सहयोग की बात कही। उपाध्यक्ष विनोद सिवर के द्वारा 26 जनवरी को कार्यक्रम करवाने की बात सदन पर रखी। जिस पर एडवोकेट रणजीत सारड़ीवाल ने कार्यक्रम मे अधिकाधिक सहभागीता बनाने व प्रस्तुतियों मे भी ज्यादा से ज्यादा संख्या मे भाग लेने पर बल दिया। अधिवक्ता जसकरण सिंह ओलख ने नये कोर्ट केंपस् के पास ही जिला प्रशासन द्वारा दी गई भूमि को जोड़ने हेतु जिला कलेक्टर के मार्फत कार्यवाही की बात कही। महिला अधिवक्ता किरण चौधरी द्वारा महिला बार रूम की व्यवस्था मे सुधार हेतु प्रस्ताव रखा जिस पर अध्यक्ष जसवंत सिंह भादू द्वारा तुरन्त प्रभाव से बार रूम सुधार की व्यवस्था के आदेश देते हुए कहाँ की बार एसोसिएशन एक परिवार है और महिला अधिवक्ता हमारे परिवार का अहम् हिस्सा है इसलिए उनके बार रूम की सार संभाल भी आवश्यक है। अपने संबोधन मे अध्यक्ष जसवन्त भादू द्वारा एक शिष्ट मंडल जयपुर सरकार से बातचीत के लिए, नये कोर्ट केंपस् मे चेंबर निर्माण के मुद्दे पर भेजने की बात कही उन्होंने कहाँ यदि आवश्यकता हुई तो दिल्ली केंद्र सरकार के समक्ष भी इस मांग को लेकर शिष्ट मंडल भेजा जायेगा। । उन्होंने 26 जनवरी को आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम मे अधिक से अधिक सह भागीता पर बल दिया। बैठक मे कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट दयाराम छिप्पा, अमन स्वामी, , सुमेश शर्मा, वैभव भारती, अमीर खान, किरण चौधरी, जिताशा, परविंद सिंधु, भावना पारिक, अजय गौड़, दीपक सारस्वत, राहुल सोनी, नरेंद्र दोहारीया, सुखपिदर भुल्लर,सिकन्दर खान, एल एन लिम्बा, गोपाल कपूर, सुखचेन् सिंह धारीवाल, अभय कालड़ा, हिमांशु गुप्ता, रंजीत सारड़ीवाल, जसकरण सिंह ओलख, किरण कुमारी, साहिल गोदारा, जितेंद्र सरपाल, अनूप कुमार बिश्नोई ने भी विचार रखे।।

# पटवार संघ का अनिश्चितकालीन धरना जारी, सद्बुद्धि यज्ञ कर सरकार से की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राजस्थान पटवार संघ द्वारा अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना नौवें दिन भी जारी रहा। धरने के इस नौवें दिन पटवारियों और कानूनगों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए एक सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया। इस अवसर पर पटवार संघ के जिलाध्यक्ष अमर सिंह दहिया, तहसील अध्यक्ष अनिल सहू और कानूनगों संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रभान ज्याणी के नेतृत्व में पटवारी और कानूनगो एकजुट हुए। पटवार संघ ने सरकार से अपनी मांगों को शीघ्र स्वीकार करने की अपील की है। संघ का कहना है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर गौर नहीं किया और उनका समाधान नहीं किया तो वे आने वाले समय में आंदोलन को उग्र रूप देने की चेतावनी दे रहे हैं। यज्ञ में भाग लेने वाले पटवारियों ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की ओर से सुनवाई नहीं होने पर उनकी लड़ाई और अधिक सख्त हो सकती है। इस धरने में पटवारियों और कानूनगों ने अपने पेशेवर और सामाजिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। पटवार संघ ने अपनी 10 सूत्री मांगों में मुख्यतः वेतन वृद्धि, प्रमोशन, पदोन्नति, संवर्ग वर्धन, नौकरी में स्थिरता, और अन्य भत्तों की बढ़ोतरी की मांग की है। इसके अलावा, संघ ने राज्य सरकार से यह भी मांग की है कि उन्हें उचित कार्य वातावरण प्रदान किया जाए और उनके कार्यों का सम्मान बढ़ाया जाए। पटवार संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनके अधिकारों की अनदेखी करती है तो वे प्रदेशभर में उग्र आंदोलन की शुरुआत करेंगे। संघ का कहना है कि वे किसी भी हाल में अपने हक को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी सभी उचित मांगें पूरी नहीं की जातीं। ध्यान रहे कि पटवारियों की यह संघर्ष का सिलसिला पिछले कई दिनों से जारी है और वे लगातार सरकार से न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं। धरने में शामिल लोग सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे हैं और इसके साथ ही मांगों के समर्थन में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं। अब यह देखना होगा कि राज्य सरकार इस आंदोलन को शांत करने के लिए कब और कैसे कदम उठाती है। फिलहाल, धरना स्थल पर बैठे पटवारी और कानूनगो अपनी मांगों के समर्थन में पूरी ताकत से जुटे हुए हैं।

## श्री गौशाला में गुड़ एवं हरा चारा खिलाया

**श्रीगंगानगर।** भारत विकास परिषद महिला प्रगति शाखा द्वारा सुखाड़िया सर्कल स्थित श्री गौशाला में गायों के लिए गुड़ एवं हरा चारा खिलाया गया और पक्षियों के लिए बाजरा डाला गया। इस अवसर पर संरक्षक मंजू गर्ग, अध्यक्ष ममता अरोड़ा, सचिव शिवानी गोयल, मीना झूंथरा, पूजा रानी,भारती रानी एवं सविता सिंह आदि सदस्य मौजूद रहे। सभी सदस्यों द्वारा गौशाला में भजन गाए गए।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# अस्थाई रूप से कार्यरत सफाई व ट्रैक्टर ट्राली लेबर कर्मचारियों का भुगतान जल्द करने की मांग

**श्रीगंगानगर।** आज अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस श्रीगंगानगर के अध्यक्ष उमेश वाल्मीकि तथा जिला सचिव भारती के नेतृत्व में सैंकड़ों अस्थाई सफाई कर्मचारियों सहित प्रशासक/ आयुक्त (नगर परिषद) को मांग पत्र सोपा!



जिला सचिव आर्यन भारती ने कहा गत कई माह से अस्थाई कर्मचारियों का वेतन प्रतिमा 01 से 05 तारीख के बजाये 20 से 21 तारीख के पश्चात किया जाता है इससे कर्मचारी प्रताड़ित और परेशान हो रहे हैं और इसका खामियाजा उस कर्मचारी का पूरा परिवार झेल रहा है और इससे उस कर्मचारी के बच्चो की शिक्षा में भी रुकावट आ रही है!

जिला सचिव आर्यन भारती ने कर्मचारियों की मांग रखते हुए कहा फर्म को जो नगर परिषद से आदेश मिला है उसमें 8620रु न्यूनतम मजदूरी प्रति श्रमिक प्रतिमाह दर्ज है इस हिसाब से कर्मचारियों को प्रतिमाह 7521रू भुगतान मिलना चाहिए परंतु ठेकेदार फर्म द्वारा श्रम विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कर्मचारियों को प्रतिमाह 4500रू या 4800रू ही दिए जा रहे हैं पूरा भुगतान न मिलने के कारण कर्मचारियों में रोष है। प्रशासक/आयुक्त (नगर परिषद श्रीगंगानगर) ने विश्वास दिलाया है जल्द अस्थाई कर्मचारियों का भुगतान किया जाएगा!

इस अवसर पर अध्यक्ष उमेश वाल्मीकि, जिला सचिव आर्यन भारती, सरवन सारसर, विक्की वाल्मीकि, संजय सांवरिया,सिकंदर टाक, कारण वाल्मीकि, श्याम नरवाल, सिकंदर भाटिया, दीपक वाल्मीकि,अभिषेक घारू सहित सैकड़ो सफाई कर्मचारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

## कर्मियों की समस्याओ का समाधान तुरन्त करे प्रशासन: लखवीर सिह

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़।** बुधवार को राजस्थान रोडवेज संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा हनुमानगढ़ आगार में कार्यरत कर्मचारियों की लंबित और उचित मांगों को लेकर मुख्य प्रबंधक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में समिति ने कई अहम मुद्दों को उठाया है, जिनमें कर्मचारियों की भलाई और कार्यस्थल की सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता है। संघर्ष समिति ने मुख्य रूप से आगार में कार्यरत परिचालकों की वरिष्ठता सूची को पारदर्शिता के साथ जारी करने की मांग की है। इसके साथ ही, हनुमानगढ़ आगार में बंद प? शिड्यूलों को फिर से चालू करने का अनुरोध किया गया है। समिति ने विशेष रूप से चिंतपूर्णी, शिमला, लुधियाना, टोहाना, और बीकानेर शिड्यूलों को फिर से शुरू करने की मांग की है, जो वर्तमान में बंद हैं। ज्ञापन में हनुमानगढ़ आगार की खाली प?ी भूमि पर बस स्टैण्ड बनाने के लिए कार्यवाही शुरू करने की मांग भी की गई है, ताकि यात्री सुविधाओं में सुधार हो सके। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों के लंबित 9-18-27 चयनित वेतनमान को लागू करने की मांग की गई है। समिति ने यह भी सुझाव दिया कि एक आगारीय कमेटी गठित की जाए जो इस वेतनमान के मुद्दे का समाधान कर सके। संघर्ष समिति ने कार्यरत प्रबंधक प्रशासन को बदलने की भी मांग की है, ताकि रूके हुए कार्यों को शीघ्र पूरा किया जा सके और फाइलों की स्थिति में सुधार हो। इसके साथ ही, कर्मचारियों को निरस्तीकरण की चार्जशीटों से राहत देने की मांग की गई है। भविष्य में, कारण बताओ नोटिस के माध्यम से कार्यवाही अमल में लाने का प्रस्ताव भी समिति ने रखा है।

महिला शौचालय में सुविधाओं की व्यवस्था को लेकर भी संघर्ष समिति ने ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने महिला शौचालय के पास हाथ धोने के लिए वाश-बेसिन की व्यवस्था करने की मांग की है। इसके साथ ही, हनुमानगढ़ आगार में पीने के पानी की सुचारू व्यवस्था की भी मांग की गई है। समिति ने कहा कि इसके लिए मुख्यालय द्वारा जारी फंड से तुरंत कार्यवाही की जानी चाहिए।

समिति ने यह भी सुझाव दिया कि कर्मचारियों से जु?ी समस्याओं के समाधान के लिए हर माह एक निश्चित तारीख पर बैठक का आयोजन किया जाए, जिसमें आगारीय प्रशासन और संघर्ष समिति के पदाधिकारी मिलकर समस्याओं का समाधान करें। इसके साथ ही, बैठक के दौरान उठाई गई समस्याओं का समाधान टेबल पर होने वाली मीटिंग्स के माध्यम से किया जाए, और इस पर बैठक का मिनिट्स जारी किया जाए।

संघर्ष समिति ने कहा कि यदि इन मुद्दों का समाधान शीघ्र नहीं किया जाता, तो एक सप्ताह के भीतर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। समिति ने प्रशासन से उम्मीद जताई है कि इन मांगों का समाधान बातचीत के माध्यम से किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की हानि से बचा जा सके।

# श्री श्याम सतरंगी महोत्सव 8 को



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति श्रीगंगानगर के तत्वाधान में 8 फरवरी शनिवार को विशाल श्री श्याम सतरंगी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस विराट आयोजन को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इस आयोजन में श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जो 8 फरवरी को रात्रि 8:30 बजे से वैष्णो दरबार हाउसिंग बोर्ड श्रीगंगानगर में होगी। इस विराट भजन संध्या में पंजाब की सुप्रसिद्ध भजन गायिका तुलसी गोयल और श्रीगंगानगर के गायक सोनू कालड़ा, अशोक शर्मा, नेहा शर्मा, लकी म्यूजिकल ग्रुप आदि अपनी मनमोहक भजनों से बाबा का गुणगान करेंगे। आयोजन में आने वाले श्याम प्रेमियों के लिए लकी ड्रा के माध्यम से तीन चांदी के उपहार भी निकले जाएंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा की जाएगी। इसमें बाबा का भव्य अलौकिक श्रृंगारित दरबार सजाया जाएगा और अखंड ज्योत की जाएगी। इस आयोजन के संबंध में आज बुधवार को मीरा चौक स्थित श्री श्याम सत्संग भवन में आयोजन के निमंत्रण पत्रों का विमोचन किया गया, जिसमें राजकुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार शर्मा, सुभाष गुप्ता, अमरजीत गिल, कपिल गोयल, राजकुमार जैन, सौरभ जैन आदि सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

# सरकारी स्कूल में होनहारों को प्रोत्साहन

● विशेष उपलब्धि हासिल करने वालों के नाम बोर्ड पर दर्ज होंगे ● माता-पिता का भी होगा जिक्र

**जनमार्ग न्यूज**




**बीकानेर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़कर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले स्टूडेंट्स के नाम अब प्रमुखता से स्कूल में दर्ज होंगे। एक नाम पट्टिका पर न सिर्फ इन स्टूडेंट्स के बल्कि इनके माता-पिता का जिक्र भी किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। निदेशक ने पढ़ाई में होनहार रहे स्टूडेंट्स के साथ अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता अर्जित करने वाले स्टूडेंट्स का नाम भी इस बोर्ड पर लगाने के आदेश दिए गए हैं। इसमें पूर्व स्टूडेंट्स को शामिल किया जाएगा, जो उस स्कूल में पढ़कर अब जीवन में कुछ उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। जिन युवाओं ने पढ़ाई, सरकारी सेवा, सामाजिक स्तर पर कोई उपलब्धि हासिल करके क्षेत्र का नाम रोशन किया हो, उनका नाम यहां दर्ज करवाया जाएगा। स्कूल में प्रमुखता से लगने वाले इस बोर्ड पर स्टूडेंट का फोटो होगा, बाद में स्वयं का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, उत्कृष्ट कार्य का विवरण और अंत में उस सेशन का जिक्र होगा, जिसमें स्कूल में पढ़ाई की थी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक का कहना है कि इससे स्कूल में आने वाले अभिभावकों और पढ़ रहे स्टूडेंट्स पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अन्य स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करने के लिए भी ये बोर्ड कारगर साबित होगा। उल्लेखनीय है कि पहले भी स्कूल में बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहने वाले स्टूडेंट्स के नाम का जिक्र होता आया है।

सांध्य दैनिक जनमार्ग व प्रात:कालीन जनमार्ग में अपडेट व ताजा खबरों के लिए देखें:-

Website:- www.janmarg.com
Youtube:- Janmarg News

## युवक से परेशान होकर छात्रा ने किया सुसाइड

**जनमार्ग न्यूज**

**बाली।** बीएससी की छात्रा ने घर पर चाय बनाई और माता-पिता के साथ चाय पी। इसके 1 घंटे बाद ही कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजनों ने एक युवक पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए नामजद मामला दर्ज कराया है। घटना पाली जिले के सादड़ी थाना क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 4 बजे की है। थानाधिकारी हनवंतसिंह सोढ़ा ने बताया- 21 वर्षीय छात्रा चंदा (बदला हुआ नाम) ने बुधवार दोपहर करीब 3 बजे चाय बनाई थी। माता-पिता के साथ चंदा ने भी चाय पी। इसके बाद उसने घर के एक कमरे में पंखे के हुक पर रस्सी से फंदा लगा लिया। परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सीएसआर फंड दिव्यांगों के पुनर्वास और सुविधाओं में लगाने का निर्णय

● दिव्यांगों के लिए सरकार की बड़ी पहल

**जनमार्ग न्यूज**



**जयपुर।** राज्य सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए नई योजनाओं पर जोर दे रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। बड़े उद्योगों के सीएसआर फंड को दिव्यांगों के पुनर्वास और सुविधाओं में लगाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, सुगम्य भारत अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों और सरकारी भवनों को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। यूडीआईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया तेज करने के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। सरकार ने दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने का संकल्प लिया है। सीएसआर फंड के तहत अब उद्योगों से आएगा दिव्यांग कल्याण का समर्थन सरकार ने बड़े उद्योगों के सीएसआर फंड को दिव्यांगजन कल्याण के लिए उपयोग करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया। औद्योगिक इकाइयों को प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया होगी तेज। सुगम्य भारत अभियान में मिलेंगे नए आयाम में सार्वजनिक भवनों, धार्मिक स्थलों और सरकारी परिसरों को दिव्यांगजनों के लिए बाधारहित बनाने की तैयारी। पूरे प्रदेश में अभियान को नया रूप देने पर जोर। यूडीआईडी कार्ड प्रक्रिया होगी आसान, कैंप लगाए जाएंगे। आधार कार्ड जैसी तेजी से अब दिव्यांगजनों के लिए यूनिक यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएंगे। पंचायत स्तर से लेकर जिलों तक विशेष कैंप आयोजित होंगे। सिलिकोसिस और दिव्यांग कल्याण-साथ आएगी योजनाओं की ताकत में गंभीर बीमारियों और दिव्यांगता के बीच जुड़ाव पर चर्चा, लाभार्थियों को योजनाओं का तुरंत लाभ पहुंचाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित होंगी श्रीगंगानगर की उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 25 जनवरी 2025 को जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर (आरआईसी) में आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम में निर्वाचन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मापदण्डों के विभिन्न मानकों के आधार पर निर्वाचन संबंधी समस्त कार्य पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ सम्पन्न करवाये जाने के फलस्वरूप श्रीगंगानगर की उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन श्रीमती रीना को सम्मानित किया जायेगा। सम्मान की घोषणा होने पर जिला प्रशासन द्वारा प्रसन्नता जताई गई है।

## दोपहर में गर्मी के तेवर तीखे, रात में सर्दी

**जनमार्ग न्यूज**



**बीकानेर।** बीकानेर में अब दिन में गर्मी पड़ने लगी है, वहीं रात में सर्दी बरकरार है। हालांकि दोपहर में लगने वाली गर्मी का डेरा अभी स्थायी रूप से नहीं है, आने वाले दिनों में सुबह व दोपहर का तापमान भी कम हो सकता है। सर्दी फिर लौटकर आ सकती है। बीकानेर संभाग में बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने दी थी, जो अब तक सही साबित नहीं हुई। पिछले चौबीस घंटे में जिले में अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अर्से बाद ये तापमान बीकानेर में रहा, जिससे दोपहर में लोगों को गर्म कपड़े उतारने पड़े। सर्दी के चलते जो लोग सुबह जैकेट, स्वेटर और टोपी पहनकर निकले थे, उन्हें दोपहर में ये सब उतारने पड़े। हालांकि हॉफ स्वेटर जैसी सर्दी दोपहर में भी रही। न्यूनतम तापमान गिरकर अब 9.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। ऐसे में रात में भी सर्दी से कुछ राहत मिली है। बुधवार रात दस बजे बाद तापमान हवा की गति बढ़ने के कारण सर्दी तेज हुई। मौसम विभाग ने पिछले दिनों बीकानेर संभाग के बीकानेर और चूरू में बारिश होने की चेतावनी दी थी लेकिन दोनों ही जिलों में बारिश नहीं हुई।

## रीट-2024 अब 27 व 28 फरवरी को होना तय

**जनमार्ग न्यूज**

**अजमेर।** रीट-2024 का आयोजन एक दिन के बजाय अब 2 दिन 27 और 28 फरवरी को 3 पारियों में किया जाएगा। परीक्षार्थियों की संख्या 14 लाख से अधिक होने के कारण इस पर विचार किया जा रहा है। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रशासन ने फिलहाल इस डेट की पुष्टि नहीं की है। बता दें कि पहले एक दिन 27 फरवरी को ही एग्जाम कराना तय किया था। बोर्ड के सचिव व समन्वयक कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि अभी इस सम्बन्ध में फैसला नहीं हुआ है, लेकिन इस पर विचार किया जा रहा है। परीक्षा सेंटर की जानकारी आ गई है और ऐसे में लगभग तय है। जल्द ही अधीकृत घोषणा की जाएगी।

## फाजिल्का में पाकिस्तान से आया ड्रोन

❑ 4 घंटे चला सर्च ऑपरेशन, बीएसएफ ने इलाके को घेरा

**जनमार्ग न्यूज**



**फाजिल्का।** फाजिल्का में बीएसएफ ने पाकिस्तान से आए एक ड्रोन को बरामद किया है। जलालाबाद के भारत-पाकिस्तान सीमावर्ती क्षेत्र में बीओपी एस एस वाला के पास ड्रोन की गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद बीएसएफ की इंटेलिजेंस विंग ने तत्काल कार्रवाई की। सुरक्षाबलों ने लगभग 2 किलोमीटर के क्षेत्र को सील कर दिया और व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। चार घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद गेहूं के खेत से क्षतिग्रस्त अवस्था में ड्रोन बरामद किया गया। माना जा रहा है कि किसी वस्तु से टकराने के कारण ड्रोन टूटकर खेत में गिर गया। जांच में अब तक ड्रोन के साथ कोई हेरोइन या अन्य संदिग्ध सामान बरामद नहीं हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएसएफ ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दे दी है। दोनों एजेंसियां मिलकर मामले की गहन जांच कर रही हैं। सीमा पार से ड्रोन के जरिए नशीले पदार्थों की तस्करी के प्रयासों को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं।

# लिव-इन में रहने पर पति से नहीं मिलेगा गुजारा भत्ता

● जोधपुर फैमिली कोर्ट ने महिला की याचिका खारिज की

**जनमार्ग न्यूज**




**जोधपुर।** लिव-इन में रहने वाली शादीशुदा महिला को उसके पति से गुजारा भत्ता नहीं मिलेगा। जोधपुर फैमिली कोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते हुए ये फैसला सुनाया है। मामले में कोर्ट ने कहा कि दूसरे व्यक्ति की ओर से महिला का खर्चा उठाए जाने के साक्ष्य मौजूद है। ऐसे में महिला को पहले पति से भरण-पोषण पाने का अधिकार नहीं है। ऐसे में पारिवारिक कोर्ट संख्या-3 के पीठासीन अधिकारी दलपत सिंह राजपुरोहित ने महिला की ओर से पति से भरण-पोषण दिलाए जाने की मांग को खारिज कर दिया है। जोधपुर के सूंथला निवासी एक महिला ने पारिवारिक कोर्ट में घरेलू हिंसा का परिवाद पेश किया था। महिला ने कहा था- वह लंबे समय से पति से अलग रह रही है। नागौर के कुचेरा निवासी उसके पति का होलसेल का अच्छा खासा व्यापार है और महीने में करीब 1.25 लाख रुपए कमा लेता है। उसे 30 हजार रुपए मासिक भरण-पोषण दिलाया जाए। महिला के पति के वकील हेमंत बावेजा ने कोर्ट में दलील दी कि- पत्नी बिना तलाक लिए अन्य व्यक्ति के साथ लिव-इन में रह रही है। महिला और उसकी बेटी का पूरा खर्चे भी लिव-इन में रहने वाले व्यक्ति द्वारा उठाया जा रहा हैं। इसकी स्वीकारोक्ति स्वयं महिला ने दौसा एसपी को लिखित में दिया था, जिसमें पुलिस ने धारा 494 भादंस के केस में राजकुमार नामक व्यक्ति के साथ रिलेशनशिप में रहना पाया है। उस प्रकरण में खुद महिला ने भी संबंधित कोर्ट में हुए बयानों में भी लिव-इन रिलेशनशिप को स्वीकार किया और उसका खर्च राजकुमार उठा रहे हैं। वहीं, पति से भरण-पोषण की मांग करते हुए दायर परिवाद में महिला ने कहा कि वह न तो कोई काम धंधा जानती है और न ही व्यवसाय करती है। वह पीहर पक्ष पर आश्रित है और पीहर पक्ष की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पीहर पक्ष लंबे समय तक उसका भरण-पोषण करने में सक्षम नहीं है। वह खुद पीहर पक्ष पर ज्यादा दिनों तक बोझ नहीं बने रहना चाहती है। ऐसे में उसे पति से 30 हजार रुपए मासिक अंतरिम भरण-पोषण दिलाया जाए।

## नाबालिग बेटी का मां ने प्रेमी से करवाया दुष्कर्म

**जनमार्ग न्यूज**

**फलोदी।** फलोदी के लोहावट थाने में एक सप्ताह में दुष्कर्म का दूसरा मामला सामने आया है। इस बार एक नाबालिग लड़की ने अपनी मां पर ही आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उसकी मां ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर रेप करवाया। मना करने पर जान से मारने की धमकी देती। पीड़िता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। जिस पर मां व प्रेमी को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि मां ही अपने एक प्रेमी के साथ मिलकर बेटी से गलत काम करवाती थी। पीड़िता की मां पिछले कई सालों से कृषि हिस्सेदारी से काम करती थी। इस दौरान वह नाबालिग लड़की को कुएं पर साथ रखती थी। वहां पर गलत काम करने के लिए मजबूर करती थी। मना करने पर जान से मारने की धमकी देती थी। नाबालिग ने वीडियो में घटना की पूरी हकीकत बयां की।

# रेलवे स्टेशन से 20 मिनट में बाइक चोरी



**जनमार्ग न्यूज**

**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन पर नगर परिषद में कार्यरत 49 वर्षीय सफाई कर्मचारी मदनलाल की बाइक बुधवार की रात को चोरी हो गई। मदनलाल वार्ड नंबर 5 के निवासी हैं और उनकी ड्यूटी नगर परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरे में लगी हुई है। मदनलाल ने बताया कि बुधवार रात को वह रैन बसेरे में जरूरतमंद लोगों को ठहराने के लिए रेलवे स्टेशन गए थे। उन्होंने अपनी बाइक स्टेशन के बाहर खड़ी की और अंदर चले गए। करीब 15-20 मिनट बाद जब वह वापस आए तो बाइक गायब थी। स्टेशन के आस-पास काफी खोजबीन की गई, लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चला। गुरुवार को मदनलाल ने अनूपगढ़ पुलिस स्टेशन में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन पर बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है।

## कोहरे के कारण पुल से टकराई बाइक, राजमिस्त्री की मौत

**जनमार्ग न्यूज**

**फाजिल्का।** पंजाब के फाजिल्का में कोहरे के कारण बाइक पुल से टकरा गई, जिससे बाइक सवार राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव खुईखेड़ा निवासी 45 वर्षीय कृष्ण लाल के रूप में हुई है। हादसा गांव टाहलीवाला के पास हुआ। घटना उस समय हुई जब कृष्ण लाल अपने काम से गांव टाहलीवाला से बाइक पर वापस लौट रहे थे। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने से उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह एक पुल से टकरा गए। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल कृष्ण लाल को तुरंत फाजिल्का के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई राज कुमार ने बताया कि कृष्ण लाल दो बच्चों के पिता थे और परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। थाना सदर फाजिल्का के पुलिस अधिकारी राजविंदर सिंह ने बताया कि पारिवारिक सदस्यों के बयानों के आधार पर धारा 194 बीएनएस के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# बस स्टैंड व विद्यालय में दी यातायात नियमों की जानकारी



**जनमार्ग न्यूज**

**समेजा कोठी।** बस स्टैंड पर व बरूवाला स्कूल में थानाधिकारी ने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के तहत कैंप लगाकर आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी।सीआई कृष्ण कुमार ने लोगों को हेलमेंट लगाकर दोपहिया वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया साथ ही बताया गया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करना चाहिए, निर्धारित स्पीड में ही वाहन चलाना चाहिए। आमजन को थाना प्रभारी ने साइबर अपराध के प्रति सचेत रहने को कहा। मौके पर सीएलजी सदस्य सहित अनेक गण मान्य नागरिक उपस्थित थे।

# राजस्थान-यूपी समेत 5 राज्यों में बारिश की संभावना

● दिल्ली में कोहरे से कई उड़ानों में देरी ● जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी से सड़कें बंद

**जनमार्ग न्यूज**



**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में देर रात हल्की बारिश हुई। इससे गुरुवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ानें देरी से पहुंचीं। मौसम विभाग ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली में ठंड बढ़ सकती है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या के साथ-साथ पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी घना कोहरा छाया रहा। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली हृष्ट्रक और उत्तरी राजस्थान में बारिश की संभावना है। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में लगातार चौथे दिन भी बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में बारिश भी हो रही है। कुछ जिलों में तापमान में बढ़ोतरी भी हुई। बुधवार को ऊना का टेम्परेचर 25.6 डिग्री रहा। गुरुवार को हिमाचल के 5 जिलों में कोहरे और कोल्ड वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। 28 तक राज्य में ऐसा मौसम बना रहेगा। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग, सोनमर्ग, जोजिला पास जैसे ऊंचे इलाकों में मंगलवार को हुई बर्फबारी के कारण गुरेज-बांदीपुरा रोड, सेमथान-किश्तवाड़, मुगल रोड बंद हो गए। यहां बर्फ हटाने का काम जारी है। यूपी के 40 जिलों में घना कोहरा छाने की संभावना है। साथ ही बारिश भी हो सकती है। लाहौल में घटी पर्यटकों की संख्या, अटल टनल खुली हिमाचल प्रदेश के सोलंगनाला में बर्फ पिघलने और अटल टनल रोहतांग के पार सिस्सू में पर्यटन गतिविधियां बंद होने के चलते अब धीरे-धीरे पर्यटकों को संख्या में कमी आने लगी है। ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों से देखा जाए तो बीते 5 दिनों में कुल 3500 से ज्यादा वाहन ही आए हैं।

# हेरोइन सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार



**जनमार्ग न्यूज**

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 4.08 ग्राम हेरोइन भी बरामद की गई है। पुलिस तस्करों से पूछताछ कर रही है। टिब्बी थाना पुलिस ने गुड़िया निवासी परमजीत सिंह (27) को 4.08 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं तलवाड़ा थाना पुलिस ने एक साल से फरार डोडा पोस्त सप्लायर राकेश कुमार उर्फ वीरू को सिरसा के एलनाबाद से गिरफ्तार किया है। राकेश की गिरफ्तारी अप्रैल 2024 के एक मामले से जुड़ी है, जब पुलिस ने थालडका निवासी मुश्ताक को 500 ग्राम डोडा पोस्त के साथ पकड़ा था। पूछताछ में मुश्ताक ने राकेश को अपना सप्लायर बताया था। एसपी अरशद अली के नेतृत्व में चल रहे जीरो टॉलरेंस अभियान के तहत पिछले 19 दिन में पुलिस ने 37 मामले दर्ज कर 55 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 208.63 ग्राम हेरोइन, 140 किलो 603 ग्राम डोडा पोस्त, 1.834 किलो अफीम, 2.9 किलो गांजा और 61 हजार रुपए जब्त किए हैं। पुलिस नशा तस्करी के अलावा अवैध हथियार, जुआ, सट्टा और क्रिकेट बुकी जैसी गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रख रही है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692